हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 23 मई 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 28.4 डिग्री


वसुंधरा नगर में देर रात बिजली के खंभे में लगी आग।

## खबर संक्षेप

### 250 उम्मीदवारों को दिया जाएगा नियुक्ति पत्र आज

**बिलासपुर।** शनिवार को रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में रोजगार मेले का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बिलासपुर के 250 से अधिक उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र का वितरण होगा। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश में अब तक 18 रोजगार मेलों के माध्यम से करीब 12 लाख नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला 47 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के सभी हिस्सों से चयनित नवनियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग आदि सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर स्थित एनईआई सभागार में सुबह 9.30 बजे इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि रहेंगे।

### सप्ताह भर से गिरे बिजली खंभे, करंट का खतरा



**बिलासपुर।** दीनदयाल मार्ग स्थित पाइप फैक्ट्री के पीछे सन रेसिडेंट में एक सप्ताह से बिजली के खंबें गिर गए है। खंबों में करंट प्रवाहित हो रहा है, जिससे इलाके में करंट से हादसे का खतरा बना हुआ है। बिजली विभाग को सूचना देने के बाद भी टीम नहीं पहुंची है, जिसके चलते लोगों में आक्रोश है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार दीनदयाल मार्ग के पाइप फैक्ट्री के पीछे सड़क किनारे दो बिजली के खंबे आंधी तुफान के दौरान गिर गए थे, तार भी टूट कर खुले में पड़ा हुआ है। इसकी शिकायत बिजली विभाग से की गई है लेकिन कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरते हुए टूटे तार व खंबों की मरम्मत नहीं की गई है।

### सेना भर्ती परीक्षा 1 से दो चरणों में

**बिलासपुर।** भारतीय सेना ने भर्ती साल 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 1 जून से 5 जून 2026 तक और 8 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर समेत 5 शहरों में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित होगी। पंजीकृत अभ्यर्थी भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# करोड़ों खर्च लेकिन कोई लाभ नहीं, अब जलकुंभी बनेगी आजीविका का आधार

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

नदियों-तालाबों के जल को प्रदूषित करने वाली जलकुंभी हटाने के लिए अभी तक करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन इसका परिणाम नहीं के बराबर है। अब लेकिन जिला प्रशासन ने इसे आजीविका का आधार बनाने का फैसला किया है।

- साड़ी, पर्स, डलिया, चटाई और अन्य फैंसी सामान बनाएंगी महिलाएं, छठ घाट में दी जाएगी जगह

शहर की श्रीमती नीरजा सक्सेना और उनकी टीम ने जलकुंभी हटाने के साथ ही खूबसूरत-फैंसी उत्पाद बनाने की योजना बनाई है। इससे महिलाओं को शून्य लागत में बढ़िया रोजगार मिलेगा तो उत्पादों की बिक्री कर महिलाएं आत्मनिर्भर भी बनेंगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं साड़ी, पर्स, डलिया, चटाई और अन्य फैंसी सामान तैयार करेंगी। इन उत्पादों की ओमान,रूस फ्रांस सहित कई देशों में माग है। उत्पादों की मार्केटिंग जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। इसके लिए छठ घाट में जगह में इन महिलाओं को दी जा रही है।

अलग खबर

श्रीमती नीरजा सक्सेना इस क्षेत्र में पीएचडी भी कर चुकीं हैं। अरपा नदी के साथ ही दूसरे तालाबों में जलकुंभी और गंदगी देखकर उन्हें हमेशा तकलीफ होती थी। रिसर्च के दौरान उन्होंने अपना एक प्रेजेंटेशन कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे को दिया। दोनों अधिकारियों ने प्रोजेक्ट को बेहतर बताते हुए इस पर काम करने की अनुमति दी। श्रीमती सक्सेना ने इसके लिए जिला प्रशासन से जगह की मांग की है। छठ घाट जहां की प्रयास आवासीय विद्यालय खोला गया है वहीं पर इस प्रोजेक्ट का आफिस खोला जाएगा। हालांकि दूसरी जगहों पर भी विचार चल रहा है।

**शून्य लागत में बढ़िया रोजगार मिलेगा तो उत्पादों की बिक्री कर महिलाएं आत्मनिर्भर भी बनेंगी**





### इस तरह तैयार होगा उत्पाद

श्रीमती नीरजा सक्सेना ने बताया कि जलकुंभी को पानी से पहले साफ किया जाता है। इसके बाद जड़ व पत्ते अलग कर तना सुरक्षित किया जाता है। सूखने पर तना काला नहीं होता और उत्पाद में चमक आती है। उत्पाद बनाने में दफ्ती, गोंद, मोती, मूंगा, लटकन व चेन आदि का प्रयोग होता है। उन्होंने बताया कि जलकुंभी के उत्पादों में खर्च नहीं के बराबर और कमाई बढ़िया है।

### यह बनाए जाएंगे सामान

साड़ी, वाल हैंगिंग, टी-कोस्टर, गमला, बैग, डलिया, पानी की बोतल रखने वाले कवर, पर्स, छोटे बच्चों के नागरा (जूती), हेड कैप, घड़ी, कोल्हापुरी की तरह से चप्पलें व ट्रे आदि। होम डेकोर और फर्नीचर, मजबूत बुनाई वाली टोकरियाँ, जो सामान रखने या सजावट के काम आती हैं। श्रीमती सक्सेना ने बताया कि साड़ी बनाने के लिए पहले कोलकाता के बुनकरों को बुलाया जाता था। अब लेकिन स्थानीय बुनकरों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा और रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे।

### एक बैग बनाने में आठ घंटे

श्रीमती नीरजा सक्सेना ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को जलकुंभी से बने गमले और ट्रे भी भेंट किया है। कलेक्टर ने भी इसकी सराहना की। कलेक्टर ने भी उत्पादों की मार्केटिंग कराने का भरोसा दिया है। स्थानीय स्तर पर भी इनकी बहुत मांग होने की बात कही जा रही है। श्रीमती सक्सेना ने बताया कि एक गमला व बैग बनाने में करीब आठ घटे लगते हैं। फैंसी बैग की लागत तीन सौ रुपए, गमला व चप्पल अन्य उत्पाद बनाने में 50-60 रुपए खर्च होते हैं।

### इस तरह बनेगी साड़ी और दूसरे सामान

मॉनसून में जलकुंभी को सुखाना सबसे बड़ी चुनौती है इसलिए काम जल्दीशुरू करने की कोशिश की जा रही है। श्रीमती सक्सेना ने बताया कि जलकुंभी के रेशों को निकालकर पहले सुखाया जाता है। इसके बाद सूती धागों के साथ मिलाकर आकर्षक और टिकाऊ साड़ियां भी बुनी जाएंगी। जलकुंभी में नाइट्रोजन और पोटाश जैसे पोषक तत्व होते हैं, जिससे यह बेहतरीन खाद और मल्च (नमी बनाए रखने वाली परत) के रूप में काम आती है। साथ ही जलकुंभी के गूदे का उपयोग करके बायोडिग्रेडेबल (पर्यावरण में घुलनशील) कागज और फाइल कवर बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एक थैला बनाने के लिए कम से कम 200 तनों के ब्लेड की आवश्यकता होती है, जिस पर सूती बुनाई से डिजाइन बनाए जाते हैं। तने को तीन ब्लेड में छीलकर सुखाने और रंगने से पहले चाकू का उपयोग करके पिथ को हटाया जाता है।

## पहले पार्टनरशिप में बिजनेस डील की, फिर हुआ विवाद

# भाजपा नेत्री से करोड़ों की ठगी दुष्कर्म, आरोपी रांची से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की एक भाजपा नेत्री से निवेश के नाम पर झारखंड के कारोबारी द्वारा करोड़ों की ठगी और ब्लैकमैलिंग कर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। भाजपा नेत्री की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज करने के बाद बिलासपुर पुलिस ने रांची के कारोबारी संजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रहने वाली भाजपा नेत्री ने पुलिस को बताया कि वह पेशे से व्यापारी है और सक्रिय राजनीति में है। आरोपी संजय सिंह पिता स्व शंभु सिंह निवासी आर्यपुरी रातू रोड रांची झारंखड से 2021-22 में फेसबुक के जरिए वह संपर्क में आईं और सामाजिक कार्यक्रम के दौरान मुलाकात हुई। संजय सिंह ने बताया था कि उसका कंस्ट्रक्शन का काम है और उसके परिचित ट्रांसपोर्ट और कोल व्यापार से जुड़े हैं। अगस्त 2024 में परसदा स्थित सेंट्रल पाइंट होटल में पहली बार मीटिंग हुई, जिसमें व्यापारिक बिन्दुओं पर बातचीत हुई। इस दौरान बीजेपी नेत्री ने व्यापार अनुबंध के लिए सहमति दे दी। संजय सिंह ने भरोसे में लेने के लिए दिसंबर 2024 में नेत्री के खाते में 15 लाख रुपए ट्रांसफर किए। जिसमें मेसर्स शंभू सिंह अकांउट से व्यापारिक सिक्योरिटी दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उनका व्यापारिक अकांउट सिद्धि विनायक इंजीकॉन उस दौरान चालू नहीं था, प्रोसेस में था। 2025 जनवरी से दिसंबर 2025 तक 1 करोड़ 57 लाख रूपए पीड़िता ने 7 किश्तों में दिया। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के खाते में भी प्रॉफिट ट्रांसफर कर दिया।


आरोपी

### संजय का बदला व्यवहार पत्नी से कराई बात

जनवरी 2025 में पीड़िता की सिद्धि विनायक कंपनी बनने के बाद फरवरी 2025 में पीड़िता और मेसर्स शंभू सिंह का ज्वांइट वेंचर अकाउंट बनाया गया। पहली किश्त 23 फरवरी 2025 को पीड़िता ने 25 लाख रूपए दिए। जिसके बाद से संजय सिंह का व्यवहार बदलने लगा। इस दौरान संजय ने अपनी पत्नी से पीड़िता की बात कराई और दोनों के बीच व्यापारिक बातों के साथ ही पारिवारिक बातें भी होने लगीं।

### भोजपुरी के अश्लील वीडियो भेजने लगा

पारिवारिक बातचीत के बीच संजय सिंह ने पीड़िता के व्हाट्सएप पर भोजपुरी के अश्लील वीडियो भेजने शुरू कर दिए। जब पीड़िता ने आपत्ति जताई तब बोला तुम भी अब परिवार की हो, तो यह सब चलता है। इस बीच वह मिलने के लिए बिलासपुर आने लगा और यहां आसपास प्रॉपर्टी में निवेश की बात करता था।

### बिहार चुनाव के दौरान दी धमकी

पीड़िता ने बताया कि इसी बीच उन्हें विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए बिहार जाना पड़ा। जब संजय सिंह को पता चला तो वह फोन पर बदतमीजी करते हुए धमकी देने लगा। 11 दिसंबर 2025 को बिलासपुर से आसनसोल की ट्रेन टिकट थी। ट्रेन 7 से 9 घंटे लेट रही और 12 दिसंबर 2025 की सुबह आसनसोल पहुंची। जब संजय सिंह को देरी का पता चला तो वह होटल के कमरों की वीडियो भेजने लगा और रात भर फोन करता रहा।

### पत्नी ने भी बनाया दबाव, जॉइंट अकाउंट से उड़ाया एक करोड़

पीड़िता और संजय सिंह का कैनरा बैंक रांची में जॉइंट अकाउंट है जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी को नॉमिनी बना रखा है। उनकी पत्नी भी बीच-बीच में उन्हीं के नंबर से कहती थी कि काम तो करना पड़ेगा। मेरे कई बार कहने पर भी कोई नतीजा नहीं निकला। 9 अप्रैल 2026 को हमारे जॉइंट अकाउंट में 1 करोड़ रुपये आए और थोड़ी देर में ही पूरी रकम अकाउंट से निकाल ली गई।

### आरोपी गिरफ्तार

पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस की टीम रांची पहुंची, पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर सीधे बिल्हा थाना ले गई। जहां से उसे सीधे कोर्ट में पेश किया गया, कोर्ट के बाद उसे जेल वारंट काट कर जेल दाखिल कर दिया गया है।

### आरोपी का वीडियो हो रहा है वायरल

मामला सामने आने के बाद आरोपी का वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी संजय सिंह कह रहा है कि पीड़िता बीजेपी नेत्री ने अपने रसूख का फायदा उठाकर उसके साथ 80 लाख रूपए की ठगी को अंजाम दिया है। यह रूपया बीजेपी नेत्री ने कोल माइंस दिलाने का झांसा देकर लिया है। आरोपी ने बताया कि जब उसे पता चला कि कोल माइंस उसे नहीं मिलने वाला है तो वह अपना रूपया मांगने लगा और रायपुर में मुलाकात हुई। उसने रूपए वापस देने के लिए आरोपी का अकाउंट नंबर मांगा। इस दौरान अकाउंट देने के बाद बीजेपी नेत्री ने मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। 21 मई को बिलासपुर पुलिस आरोपी के घर पहुंची। आरोपी ने विडियो में बताया कि बीजेपी नेत्री के वाट्सअप से उनके द्वारा किए गए कारनामे की परतें खुल सकती हैं।

### रायपुर में संजय को दिए 22 लाख रुपए

भाजपा नेत्री के अनुसार 15 सितंबर 2025 को उन्हें पुराना सोना देकर नया लेने के लिए रायपुर जाना था और संजय सिंह को भी पैसे लेने रायपुर आना था। संजय सिंह कल्याण ज्वेलर्स पंडरी रायपुर के पास मिले और उस दिन 22 लाख रुपये नकद देने के बाद मैंने कहा कि मेरा काम हो गया, अब मैं बिलासपुर के लिए निकलूंगी। इस पर उसने कहा वह भी बिलासपुर होते हुए रांची जाएगा, तो दोनों की गाड़ियां साथ-साथ निकलीं।

रायपुर से निकलने के बाद पहले हल्दीराम रेस्टोरेंट पड़ा, जहां संजय सिंह ने मेरी गाड़ी को रुकने का इशारा किया और चाय-नाश्ते का प्रस्ताव रखा। चाय नाश्ते के बाद वे उसकी कार में बैठ गईं। महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर के पास से ही चलती कार में बैठे-बैठे उसने अश्लील हरकत की, भाजपा नेत्री के अनुसार विरोध करने के बावजूद संजय सिंह ने कार के अंदर ही जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। रोने-चिल्लाने के बाद उसने ड्राइवर को बुलाया और मेन रोड पर ऑटो बुलाकर पता बताकर मुझे भेज दिया। इसके बाद भी उसके कॉल लगातार आते रहे। बातचीत में संजय सिंह समझाता रहा कि यह सब भूल जाओ, नहीं तो व्यापार से भी हाथ धोना पड़ेगा और राजनीतिक छवि भी खराब होगी।


अधिकारियों की बैठक लेतीं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव।

# करोड़ों के प्रोजेक्ट में देरी पर भड़कीं सचिव

**टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी पर अल्टीमेटम**

- नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव आर .संगीता ने किया बिलासपुर का दौरा
- राजस्व वसूली को प्राथमिकता में रखें, बकाया राशि को वसूलने दिसंबर तक डेडलाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नवनियुक्त सचिव श्रीमती आर.संगीता अपने पहले दौरे में बिलासपुर पहुंची। इस दौरान सचिव श्रीमती आर.संगीता ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे तक कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में नगर निगम के कार्यों कि समीक्षा की उसके बाद निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। बैठक के दौरान करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट पर उन्होंने नाराजगी जताई और टेंडर प्रक्रिया में देरी पर अल्टीमेटम दिया।

तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में निगम के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव श्रीमती संगीता ने बिंदुवार योजना तथा विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में सचिव श्रीमती आर.संगीता ने कहा कि राजस्व किसी भी निकाय की आधारशिला है,इसे प्राथमिकता में रखें और शत प्रतिशत वसूली करें। पिछले वित्तीय वर्ष के बकाया राशि 15 करोड़ की वसूली के लिए उन्होंने नगर निगम को दिसंबर 2026 तक डेडलाइन दी। उन्होंने कहा कि नियमित और प्लेसमेंट समेत सभी कर्मचारियों का वेतन किसी भी सूरत में माह के प्रथम सप्ताह में हो जाना चाहिए।

### विकास कार्यों की देरी पर सवाल

समीक्षा के दौरान सचिव श्रीमती आर.संगीता ने विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाले टेंडर प्रक्रिया की देरी पर भी अधिकारियों से सवाल पूछें। सचिव ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में अनावश्यक देरी ना हों और टेंडर जारी करने के बाद मियाद खत्म होते ही ठेका पाने वाले ठेकेदार से अनुबंध कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराएं ताकि प्रोजेक्ट में देरी ना हो।

### कछार प्लांट व पीएम आवास पहुंचीं

बैठक के बाद सचिव ने दोपहर 3.30 बजे से निगम के प्रोजेक्ट समेत शहर का दौरा शुरू किया जो 6.30 बजे तक चला। सबसे पहले सचिव श्रीमती संगीता स्पोर्ट्स कांप्लेक्स पहुंची और वहां संचालित स्पोर्ट्स के विभिन्न एक्टिविटी को जायजा लिया। उसके बाद सचिव ने कोनी में निर्माणाधीन सिटी बस चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण कर एक माह के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कछार स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया।

### स्वच्छता दीदियों से संवाद

सचिव श्रीमती आर.संगीता मोपका गौठान स्थित एसआरएलएम सेंटर पहुंची,जहां उपस्थित स्वच्छता दीदीयों से सचिव श्रीमती संगीता ने संवाद किया। इस दौरान सचिव श्रीमती संगीता ने उपस्थित स्वच्छता दीदियों से कहा कि अस्वच्छता के खिलाफ इस जंग में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हैं,गीला-सूखा कचरा अलग करें,शत प्रतिशत घरों से कचरा एकत्रित करें,लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें तथा सामूहिक एकता बनाएं रखें और अपने समूह का विकास करें। संवाद के दौरान समूह की महिलाओं ने खुद से तैयार किए गए उत्पाद सचिव श्रीमती आर संगीता को भेंट किया।

## 15 जून से पहले देनी होगी रिपोर्ट, तहसीलदारों को निर्देश जारी

# बिलासपुर अनुभाग में लंबित हैं सीमांकन के 495 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मानसून के आगमन की तिथि 16 जून है, इस तिथि के आने में बमुश्किल 25 दिन ही शेष हैं। इसके बाद बारिश प्रारंभ होते ही जमीन के सीमांकन पर रोक लग जाएगी। सीमांकन के प्रकरणों की पेंडेंसी की बात की जाए तो अकेले बिलासपुर अनुभाग में ही 495 प्रकरण लंबित हैं, जिन्हें पंद्रह जून तक निराकृत करने एवं सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है।

बिलासपुर अनुभाग के 495 जमीन मालिक अपनी जमीन के सीमांकन के लिए राजस्व विभाग की राह देख रहे हैं। जमीन मालिकों में सामने बारिश का मौसम आने और सीमांकन के लिए चार महीने का ब्रेक लगने का भी भय है।

बीते दिनों समीक्षा के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा भी सभी एसडीएम के माध्यम से लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। राजस्व विभाग के जमीनी स्तर के कर्मचारियों के अनुसार पेंडेंसी का मुख्य कारण हाल में लगातार होने वाले अन्य कार्य हैं, जिनमें एसआईआर, जनगणना एवं अभी सुशासन तिहार में संलग्न होने के कारण विभाग के कार्यों विशेषकर ऐसे कार्य जिसमें फील्ड में उपस्थिति देनी हो प्रभावित हुए हैं।

### ऑनलाइन डायवर्सन नामांतरण ने घटाया बोझ

प्रदेश में डायवर्सन एवं नामांतरण की प्रक्रिया अब ऑनलाईन तरीके से होने के बाद राजस्व प्रकरणों में पेंडेंसी काफी कम हुई है। नामांतरण तो अब जमीन की खरीदी करने के दिन रजिस्ट्री ऑफिस में ही हो जाती है, जिससे प्रकरण राजस्व विभाग तक नहीं पहुंच पाता। इसी तरह डायवर्सन भी अब पंद्रह दिनों के भीतर ऑनलाईन ही हो जाने कारण इसकी पेंडेंसी भी काफी कम है। चूंकि सीमांकन एक मैनुअली प्रक्रिया है, जिसके लिए अमले को फील्ड में ही जाना पड़ता है, जिससे इसका ऑनलाईन हो पाना संभव नहीं है। ऐसे में ज्यादातर सीमांकन के प्रकरणों में ही पेंडेंसी दिखाई पड़ रही है।

### विवादित प्रकरणों ने बढ़ाई पेंडेंसी

सीमांकन के लिए लंबित ज्यादातर आवेदनों में कुछ ना कुछ विवाद है। यही कारण है कि सीमांकन का प्रकरण लंबित ही है। राजस्व विभाग के अनुसार सीमांकन के लिए प्रस्तुत आवेदन में आवेदक का न केवल कब्जा होना आवश्यक है, बल्कि उन्हें अपनी चौहद्दी भी बतानी होगी। कई बार एक ही जमीन कई बार बिक जाने के कारण जमीन मालिक अपनी ही जमीन की चौहद्दी बताने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में राजस्व अमला भी असमंजस की स्थिति में होता है और प्रकरण लंबित ही रह जाता है।



### रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया

बिलासपुर अनुभाग में सीमांकन के लगभग 495 प्रकरण लंबित हैं। चूंकि अब बारिश को अधिक समय शेष नहीं है, जिससे सारे तहसीलदारों को 15 जून तक सीमांकन संपन्न कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

- **मनीष कुमार साहू,** एसडीएम बिलासपुर



## खबर संक्षेप

### एलसीआईटी के छात्रों ने किया बैंकिंग भ्रमण



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कॉलेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के एसईसी के विद्यार्थियों ने जिन्होंने बैंकिंग विषय का चयन किया है। उनके लिए बैंक में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमे शहर के प्रतिष्ठित बैंक जैसे कैनरा बैंक मंगला ब्रांच, एचडीएफसी नेहरू चौक एवं व्यापार विहार ब्रांच तथा आईडीबीआई सरकंडा ब्रांच में विजिट कराया। जिससे उन्हें बैंकिंग गतिविधियों की प्रायोगिक जानकारी मिली। विभाग के डीन डॉ शेख आदिल डल्ला ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा 2020 नीति के तहत विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए उन्हें द्वितीय सेमेस्टर में कंप्यूटर एवं बैंकिंग का विकल्प रहता है। बैंकिंग भ्रमण के साथ साथ आरबीआई के दिशा निर्देशों को रील एवं एकांकी के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ शादिया खानम अली ने बताया की कौशल विकास में चयनित विषय की लिखित परीक्षा नहीं होती। इसमें विद्यार्थियों का प्राप्तांक उनके द्वारा कौशल प्रदर्शन पर निर्भर करता है। विद्यार्थियों ने बैंक ऑफ़ फ्यूचर के माध्यम से आम जनता को जागरूक करने का प्रयास किया जो की प्रशंसनीय है। संस्था की प्राचार्या डॉ अर्चना शुक्ला , उपप्राचार्य अभिनव पॉल ने कहा कि आज डिजिटलाइजेशन के युग में जहां एक तरफ हम बैंक के बिना एक कदम आगे नहीं बढ़ा सकते। उसी प्रकार उससे संबंधित जानकारी आवश्यक है। आयोजन को सफल बनाने में डॉ किरण कौर राणा, डॉ अनुज बाजपेयी, सुश्री वन्तिका श्रीवास्तव, श्रेयांश तिवारी, रामरतन मिश्रा, सुश्री हर्षा तिवारी, सुश्री यश्वी शर्मा एवं सुश्री तुलसी सोनी का योगदान सराहनीय रहा।

### बर्जेस इंग्लिश मीडियम स्कूल के पॉल बनाए गए प्रभारी प्राचार्य

**बिलासपुर।** बर्जेस इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार लाते हुए छत्तीसगढ़ डिओसीसी बोर्ड आफ एजुकेशन ने स्कूल की प्राचार्य श्रीमती निशिता हंसा दास को निलंबित कर दिया है। श्रीमती हंसा दास को रायपुर के सेंट पाल्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में अटैच किया गया है। अब उनकी जगह पीआर पाल को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्राचार्य श्रीमती हंसा दास का कार्यकाल काफी विवादों भरा रहा है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ डिओसीसी बोर्ड आफ एजुकेशन के सचिव जयदीप राबिनसन ने 22 मई को पत्र जारी करते हुए प्राचार्य हंसा दास को रायपुर भेज दिया है। अब उनकी जगह पीआर पॉल को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है।

### एक जुलाई से लागू हो रही मनरेगा की जगह नई योजना

# पुराने डेढ़ लाख से अधिक जॉब कार्ड वीबी-जी राम जी योजना में होंगे मान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी योजना 1 जुलाई से लागू हो रही है। केन्द्र सरकार मनरेगा के स्थान पर इस योजना को लागू कर रही है जिसकी अधिसूचना जारी हो गई है। बिलासपुर जिले में वर्तमान में मनरेगा अंतर्गत 1 लाख 52 हजार 246 जॉब कार्ड हैं जो नई योजना में मान्य किए जाएंगे।

- केन्द्र ने जारी वीबी-जी राम जी योजना की अधिसूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा अंतर्गत जिले में सक्रिय जॉब कार्ड की संख्या 1 लाख 52 हजार 246 है। इन जॉब कार्डधारी परिवारों में मनरेगा में काम करने वाले 2 लाख 55 हजार 840 श्रमिक हैं। मनरेगा की जगह पर जो नई योजना लागू हो रही है उसमें ये जॉब कार्ड मान्य कर दिए जाएंगे और अलग से नया जॉब कार्ड बनवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए भारत सरकार ने 11 मई को विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम की अधिसूचना जारी कर दिया है और यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हो जाएगा।

### 125 दिनों रोजगार देने का प्रावधान

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी योजना अंतर्गत 125 दिनों का रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, जबकि मनरेगा में 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाता है। सरकारी दावों के अनुसार पहले काम सीमित और अस्थाई थे जैसे गढ्ढा खुदाई और अब तालाब, सड़क, गोदाम, जल संरचनाएं बनेंगी। इनसे गांव की अपनी संपत्ति बनेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। साथ ही काम के साथ कौशल भी सिखाया जाएगा। इससे लोग सिर्फ मजदूर नहीं, कमाने वाले और आत्मनिर्भर बनेंगे। महिलाओं को एसएचजी के जरिए काम और नेतृत्व मिलेगा तथा स्किल सेंटर, शेड निर्माण और हाट जैसे कार्य भी किए जाएंगे। ग्राम पंचायत और ग्राम सभा मिलकर तय करेंगे कि गांव में कौन सा विकास कार्य होना चाहिए।

### नई योजना में 60-40 का बजट अनुपात

विकसित भारत रोजगार गारंटी व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी-जी राम जी नाम से नई योजना के लिए केन्द्र सरकार ने बजट में अपने हिस्से का 95,692 करोड़ से ज्यादा राशि का प्रावधान कर दिया है। इसमें राज्यों के हिस्से की राशि और जुड़ेगी। इस नई योजना में 60 व 40 प्रतिशत का रेश्यो रखा गया है। इसमें 60 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को लगानी पड़ेगी। नई योजना केतहत 60 से 40 प्रतिशत का बजट अनुपात रखा गया है इसकी स्वीकृति के बाद ही योजना सफल हो सकती है।

### पुराने जाब कार्ड मान्य किए जाएंगे

वीबी-जी राम जी नई योजना 1 जुलाई से लागू होगी और इस नई योजना के संबंध में अधिसूचना जारी हो गई है। इस नई योजना में 125 दिनों रोजगार देने का प्रावधान है। मनरेगा में जो जॉब कार्ड बने हैं वे सारे जॉब कार्ड नई योजना में मान्य किए जाएंगे।

**-संदीप कुमार अग्रवाल**
सीईओ, जिला पंचायत बिलासपुर

## भाजयुमो ने किया राहुल और बैज का पुतला दहन

**बिलासपुर।** भाजयुमो के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान की कड़ी आलोचना करते हुए पुराना बस स्टैण्ड चौक पर पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। पुतला दहन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल ने राहुल गांधी व दीपक बैज के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और अराजक मानसिकता का परिचायक बताया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में मर्यादा, औचित्य और सामाजिक सद्भाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन राहुल गांधी का हालिया बयान इन मूल्यों के विपरीत है। लगातार चुनावी पराजय के कारण कांग्रेस नेता की भाषा और व्यवहार में हताशा झलक रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि क्या नक्सलवाद का उन्मूलन, देश की सीमाओं की रक्षा और तिरंगे की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाना देशद्रोह की श्रेणी में आता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सत्ता से दूर रहने की निराशा ने कांग्रेस पार्टी को लोकतांत्रिक मर्यादाओं की सीमाएं लांघने पर विवश कर दिया है।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता ने राहुल गांधी व दीपक बैज के बयान की कड़ा निंदा की। पुतला दहन में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, महापौर पूजा विधानी, सभापति विनोद सोनी, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, मनीष अग्रवाल, महेश चंद्रिकापुरे, चंद्रप्रकाश मिश्रा, गौरी गुप्ता, सन्नी केशरी, वैभव गुप्ता, केतन वर्मा, राजकमल कश्यप, महर्षि बाजपेयी, देवेश खत्री, मोनू मिश्रा, शुभम यादव, अमन सोनी, तुषार साव, शिवांश शुक्ला, मनीष कौशिक, विकास यादव, अशोक राजपूत, भानू श्रीवास आदि उपस्थित थे।



## मजदूर संघ ने काली पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन सारे कार्यो को निजी कंपनी और निजी हाथों को देने के साथ अब तक करीब 30 हजार से अधिक पदों को सरेंडर कर चुका है, जिसके कारण वर्तमान में कार्यरत कर्मचारियों पर काम का दबाव बढ़ते जा रहा है। इसके विरोध में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ ने काली पट्टी लगाकर रेलवे की नीति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया है। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ के विरोध पखवाड़े में राष्ट्रीय महामंत्री संतोष पटेल, वरिष्ठ जोनल सलाहकार निमाई बनर्जी, जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष विवेकानंद चंद्रा, सहायक महामंत्री नूतन वर्मा, उपाध्यक्ष युवराज सिंह, धर्मा राव, राकेश पटेल, राकेश साहू, प्रोम्पी कुमार सिंह, संजय यादव, हरीश कुमार डहरवाल, उत्तम दास मानिकपुरी ने निर्णय वापस लेने मांग की है।

# सीवीआरयू को मिला सीएसआर अवार्ड



अवार्ड प्राप्त करते सीवीआरयू के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर को राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएसआर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान लीडिंग यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया केटेगरी में प्रदान गया है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने समारोह में उपस्थित होकर यह सम्मान ग्रहण किया।

कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, जहां शिक्षा, अनुसंधान और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थानों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। सीएसआर अवार्ड उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, शोध, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। डॉ. रमन विश्वविद्यालय को उसकी प्रभावी कार्यप्रणाली, परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

### सामूहिक प्रयासों का परिणाम : कुलसचिव

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय परिवार के समर्पण और सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक डिग्री तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए पूर्णतः सक्षम बनाना है।

### सभी के समर्पण का परिणाम : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों के समर्पण का परिणाम है, जो संस्थान को निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करता रहेगा। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय को प्राप्त यह सम्मान न केवल संस्थान के लिए गौरव का विषय है, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सम्मान दर्शाता है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान स्थापित की जा सकती है। विश्वविद्यालय भविष्य में भी शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक दायित्वों के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शनिवार 23 मई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एजुकेशन

## छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में सभी फील्ड का मिल सकता है पसंदीदा कोर्स

**बिलासपुर।** बोर्ड एग्जाम के परिणाम आने के बाद अब स्टूडेंट्स कॅरियर चुनने के लिए कॅरियर काउंसलर से मिल रहे हैं, जो उन्हें उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने का रास्ता बता रहे हैं। काउंसलर का कहना है कि स्टूडेंट्स अब ऐसे पढ़ाई करना चाहते हैं, जिससे नौकरी लग सके।



काउंसलर विवेक वर्मा ने बताया कि स्टूडेंट्स का समझा रहे हैं कि हर साल बारहवीं के बाद कॅरियर संवारने के सैकड़ों, हजारों मौके हमारे पास आते हैं, लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि अक्सर हमारी काबिलियत क्या है। हम क्या और किस क्षेत्र में बेहतर कर सकते हैं। हमारे लिए कौन-सा विषय अच्छा रहेगा। हम किस तरह अपनी रुचि के विषय को अपने ड्रीम कॅरियर तक पहुंचने का जरिया बना सकते हैं। कॅरियर चुनते समय आपका व्यक्तित्व अहम भूमिका निभाता है, इसलिए करियर ऐसा चुनें, जो आपके व्यक्तित्व के साथ-साथ आपकी रुचि के अनुकूल हो और इसके लिए आपको अपने बारे में, अचेतन प्रेरणाओं तथा अपनी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के बारे में पता होना चाहिए। स्टूडेंट्स इस बात का विशेष ध्यान रखे कि हमें बारहवीं के बाद तुरंत ही अगर कुछ अच्छा कॅरियर पाना है तो हम कॅरियर ओरिएंटेड स्टडी पर फोकस करें। ध्यान रखें कि हम डॉक्टर बनना चाहते हैं या आर्किटेक्ट, डिफेंस सर्विसेज में जाना चाहते हैं या सिविल सर्विसेज में अपना भविष्य तलाशना चाहते हैं, सभी के लिए हमें एक अच्छे से इंस्टिट्यूट और कोर्स में एडमिशन लेना होगा। यहां ध्यान देने की जरूरत है कि इंजीनियरिंग, लॉ, फैशन डिजाइनिंग, आर्किटेक्चर, मैनेजमेंट, सोशल साइंसेज, मेडिकल और मैथ्स, स्थेटिक्स, एग्रीकल्चर, इकोनॉमिक्स तथा साइंस आदि विषयों में देशभर में अलग-अलग तरह के टेस्ट होते हैं। इनमें अच्छा स्कोर करने से ही हमें अपनी पसंद के किसी अच्छे कॉलेज या यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल सकता है।

कार्यक्रम

## अटल विवि के रक्तदान शिविर में 37 यूनिट ब्लड डोनेट,113 ने जांच कराई



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, कोनी में राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा रक्तदान शिविर तथा निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जाँच कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया एवं 113 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। जिससे जरूरतमंद व्यक्तियों एवं संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध होने में योगदान मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आदित्य प्रताप सिंह द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ललित प्रकाश पटेरिया और कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम भी निहित उत्साह के साथ उपस्थित रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने सराहना करते हुये विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजन कराने की बाते कही। कार्यक्रम में शिक्षकगणों में डॉ सुमोना भट्टाचार्य, डॉ पल्लवी सिंह, कार्यक्रम अधिकारी आदित्य प्रताप सिंह, विश्वविद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस अवसर पर डॉ प्रमोद तिवारी डॉ अतुल दुबे, डॉ एचएस होता, डॉ डी कलाधर,डॉ पूजा पाण्डेय, डॉ श्रिया कश्यप डॉ गौरव साहू,डॉ सौमित्र तिवारी,डॉ यशवंत पटेल, डॉ जितेन्द्र गुप्ता, डॉ हामिद अब्दुल्ला, डॉ रश्मि गुप्ता आदि ने प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कराया।

आयोजन

## वन्दे मातरम मित्र मंडल ने 363 मित्रों के साथ देखी फिल्म 'भक्त मां कर्मा'



**बिलासपुर।** वन्दे मातरम मित्र मंडल द्वारा सिटी 36 मॉल में छत्तीसगढ़ के स्थानीय कलाकारों द्वारा निर्मित ऐतिहासिक एवं धार्मिक फिल्म "भक्त मां कर्मा" का सामूहिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस अवसर पर 363 सीटों वाला पूरा ऑडिटोरियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। फिल्म प्रदर्शन प्रारंभ होने से पूर्व सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा एवं संघ गीत "संगठन गढ़े चलो सुपंथ पर बढ़े चलो" का गायन किया गया। इसका नेतृत्व नरेंद्र यादव ने किया, जिसे सभी उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक दोहराया। मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन ने बताया कि अब तक संगठन प्रायः बॉलीवुड कलाकारों द्वारा निर्मित फिल्मों का सामूहिक प्रदर्शन देखता रहा है, किंतु पहली बार मंडल के संरक्षक सदस्य डॉ. जेठू साहू ने अपने साथी कलाकारों का परिचय कराते हुए जानकारी दी कि उन्होंने एक ऐतिहासिक एवं धार्मिक फिल्म का निर्माण किया है तथा वन्दे मातरम मित्र मंडल के सदस्यों को फिल्म देखने हेतु आमंत्रित किया। इसके बाद मंडल की कोर कमेटी ने सामूहिक रूप से फिल्म देखने का निर्णय लिया। श्री जैन ने बताया कि अशोक ऋषि, जयप्रकाश लाल एवं डॉ. जेठू साहू ने फिल्म प्रदर्शन के आयोजन में विशेष योगदान दिया। फिल्म के निर्माता अजय खांडेकर एवं राजकुमार यादव हैं, जबकि निर्देशन शशिकांत कौशिक ने किया है। गीत-संगीत डी.पी. विश्वकर्मा द्वारा दिया गया है। प्रमुख कलाकारों में अनुकृति चौहान, योगेश अग्रवाल एवं डॉ. जेठू साहू ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### कानन पेण्डारी प्रबंधन ने बढ़ाई व्यवस्था, डॉक्टर और उनकी टीम कर रही लगातार निगरानी

भीषण गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर वन्यप्राणियों को बचाने की व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके तहत मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में कूलर और शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव करने के साथ ग्रीन नेट और पैगोड़ा के अलावा टाइगर को ठंडक देने के लिए कूलर लगाया गया है। इसके साथ ही गर्मी की बीमारी से बचाने के लिए डॉक्टर और उसकी टीम भी लगातार निगरानी रखे हुए हैं।

# भीषण गर्मी : टाइगर के केज में 24 घंटे कूलर, स्प्रिंकलर के फौव्वारे से शाकाहारी वन्यप्राणी हो रहे कूल-कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर रहने वाले वन्यप्राणियों को भी काफी परेशानी होती है। भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए कानन प्रबंधन ने सभी वन्यप्राणियो के लिए अलग-अलग व्यवस्था की है। इसमें मांसाहारी वन्यप्राणी यानि लायन, टाइगर व अन्य के लिए बनाए गए केज में कूलर, पंखे और खस लगाए गए हैं, जिसमें पानी लगातार भरा जाता है।

इसके अलावा पक्षियों के केज में खस लगाया गया है, जिसमें प्रतिदिन तीन से चार बार पानी का छिड़काव होता है। सबसे अधिक पानी मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में उपयोग हो रहा है। टाइगर और तेंदुआ के केज में पाइप से चार से पांच बार पानी डाला जाता है। वहीं चीतल, नील गाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है।



### धूप से बचने पेड़ का सहारा

गर्मी का असर वन्यप्राणियों पर भी हो रहा है। वन्यप्राणी गर्मी और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेने लगे हैं। घास मैदान मे विचरण करने वाले वन्यप्राणी सांभर केज के बाहर पेड़ पौधे के नीचे दिनभर बैठे रहते हैं। भालू के बाड़े में पत्तेदार पेड़ अधिक हैं। वह धूप तेज होते ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। अन्य वन्यप्राणी भी पेड़ की छांव में आराम करते हुए दिखाई देते हैं। इसी तरह कानन पेण्डारी में भी छुट्टी के दिनों में सैलानियों की भीड़ बढ़नी शुरु हो गई है। कानन पेण्डारी जू में हरे-भरे वृक्षों के साथ शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों को देखने के लिए शहर के साथ आसपास से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।





### यह की गई है व्यवस्था

इंक्लोजर के ऊपर 70 से 90 फीसदी छाया वाले ग्रीन नेट लगाने के अलावा पक्षियों के केज में ग्रीन नेट के साथ खस घास की चटाई लगाकर प्रेशर पंप से पानी का छिड़काव, सांप के केज में गेहूं की बुआई कर जवारा, रेस्क्यू केन्द्र में वन्यप्राणियों के शावकों के लिए कूलर लगाए गए हैं, वन्यप्राणियों को ठंडक पहुंचाने के लिए ग्रीन शेड व खस की पूरी व्यवस्था की गई है।

### रखा जा रहा है पूरा ध्यान

भीषण गर्मी के कारण काफी परेशानी हो रही है। दोपहर को मौसम गरम होने की वजह से शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर से फौव्वारे का छिड़काव किया जा रहा है। लायन और टाइगर के केज में कूलर लगाया गया है। इसके साथ ही केज के सामने रहने वाले स्टाफ को भी ज्यादातर छांव में रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी तरह की परेशानी न हो। गर्मी से बचाव के लिए वन्यप्राणियों के साथ स्टाफ का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**- राजेन्द्र सोरी** अधीक्षक, कानन पेण्डारी जू

## यूपीएससी प्री के लिए बिलासपुर में बनाए गए 14 केन्द्र, 4 हजार 870 अभ्यर्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवाएं प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को दो सत्रों में प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। इस परीक्षा के लिए बिलासपुर में 14 केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें 4 हजार 870 परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा केन्द्रों में शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय ई राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कोनी, सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कौशलेन्द्र राव विधि महाविद्यालय अशोक नगर, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दयालबंद, लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक




शाला,शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला मुक्तिधाम चौक सरकण्डा, शासकीय माता सबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल, देवकीनंदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,महालक्ष्मी मंगलम स्कूल ऑफ बिजनेस, शासकीय उच्चतर मध्यामिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उतकृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, इंदिरा गांधी शासकीय उतकृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### बैठक में परीक्षा की रूपरेखा तैयार

लोक संघ आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवाएं (प्रारंभिक) की 24 मई को होने वाली प्रारंभिक परीक्षा के सुचारू आयोजन के लिए पूर्व तैयारी के सबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को शाम 4 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है।

### प्रीलिम्स के फौरन बाद जारी होगी आंसर-की

संघ लोक सेवा आयोग ने पहली बार सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 की प्रोविजनल आंसर-की परीक्षा के तुरंत बाद जारी करने का निर्णय लिया है। 24 मई 2026 को परीक्षा का आयोजन होगा। आयोग ने कहा है कि यह कदम पारदर्शिता बढ़ाने और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने और परीक्षा प्रक्रिया में सर्वोच्च मानको को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उम्मीदवार लंबे समय से प्रोविजनल उत्तर कुंजी जारी करने की मांग कर रहे थे। सिविल सेवा अभ्यर्थी वर्षों से ये शिकायत करते आ रहे हैं कि उनके पास प्रारंभिक परीक्षाओं में हुई गलतियों को चुनौती देने का कोई तरीका नहीं है। यूपीएससी के इस नीतिगत बदलाव से अभ्यर्थियों की समस्या का हल हो गया है। प्रोविजनल उत्तर कुंजी जारी होने के बाद सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थी 31 मई 2026 शाम 6 बजे तक अपनी आपत्तियां ऑनलाइन पोर्टल पर ऑनलाइन क्वेश्चन पेपर रिप्रेजेटेंशन पोर्टल (क्यू.पी.रेप)के माध्यम से दर्ज करा सकेंगें।

### ऑनलाइन कोचिंग पर निर्भर हैं छात्र

बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शैक्षणिक हब माना जाता है, लेकिन यूपीएससी की स्थिति के मामले में आज भी स्थिति चुनौतीपूर्ण है। शहर में सिविल सेवा के स्तर की गुणवत्तापूर्ण कोचिंग और विशेषज्ञ फैकल्टी की कमी है। सिविल सेवा की तैयारी कर रहे बिलासपुर के अभ्यर्थी दुलेश्रवर मैत्री ने बातचीत में बताया कि शहर में कोचिंग की कोई ऑफलाइन सुविधा नहीं है, 4 वर्ष से तैयारी चल रही है, वे 3 वर्ष दिल्ली में कोचिंग कर अब बिलासपुर में ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रहे हैं। अंबिकापुर निवासी प्रज्ञान तिवारी ने बताया कि वे बिलासपुर में रहकर नियमित 8 से 10 घंटे पढ़ाई कर रहे हैं। यहां कोई सुविधा नहीं होने से ऑनलाइन कोचिंग पर निर्भर हैं।

## राधिका गोरी से, बृज की छोरी से, मैया करा दे मेरो ब्याह...





**बिलासपुर।** श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आयोजन श्री झूलेलाल मंगलम तिफरा में किया जा रहा है। कथा व्यास पीठ पर आचार्य डॉक्टर रामविलास चतुर्वेदी के द्वारा श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान भक्तों को करा रहे हैं।

पांचवें दिन बाल कृष्ण लीला माखन चोरी और गोवर्धन पूजा का वर्णन किया गया, श्री कृष्ण बाल लीलाएं करते थे गोपियों के घर जाकर बाल गोपाल के संग माखन खाते थे और बाल गोपालो को खिलाते थे और मटकी फोड़ कर भाग जाते थे कृष्ण की शिकायत करने राधा के पास पहुंच भी जाती थी और कहती थी यशोदा ओ यशोदा तुम्हारा पुत्र कृष्ण माखन चोर आज फिर से हमारी मटकी फोड़ दी और मक्खन चोरी करके बाल गोपाल के संग खाकर भाग गया तो यशोदा कहती है मैंने तो बहुत समझाया है कृष्ण को आप चिंता ना करें अंदर मक्खन पड़ा है जिसका जितना नुकसान हुआ है लेकर जाइए पर गोपिया कहती न यशोदा ना हम तो मजाक कर रहे हैं हम माखन के भूखे नहीं प्रेम के भूखे और जब तक कृष्ण हमारे घर जाकर माखन न खाय मटकी ना फोडे.तब तक हमें अच्छा भी नहीं लगता है। सुंदर भजन भी गाए जिसे सुनकर भक्त जन झूम उठे ऐसा भक्ति भरा माहौल हो गया जैसे मानव सच में हम वृंदावन पहुंच गए हो वैसे भी कहते हैं जहां पर कृष्ण का नाम हो राधा का नाम हो सत्संग कीर्तन और भागवत कथा हो वह जगह अपने आप ही वृंदावन बन जाती है।

स्पोटर्स न्यूज

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने समर कैंप में बच्चों को सिखाई क्रिकेट की तकनीक

# खेल में अनुशासन जरूरी, खिलाड़ी हमेशा खेल मैदान से जुड़े रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में आज समर कैंप का समापन हुआ। 52 दिनों से आयोजित समर कैंप में सैकड़ों की तादाद में शहर के बच्चों ने भाग लिया और आज खिलाड़ियों के अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। समर कैंप के दौरान फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी द्वारा अलग-अलग आयु वर्ग में बच्चों के बीच क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर वर्ग में चार टीमें बनाई गई थी तथा सीनियर वर्ग में दो टीम बनाई गई थी और इन सभी टीमों ने आपस में क्रिकेट मैच भी खेले । टूर्नामेंट में 52 दिनों में खिलाड़ियों ने फ्लड लाइट में 20 मैच खेले। और समर कैंप में 52 दिनों तक सभी खिलाड़ियों को जहां खेल मैदान में खिलाड़ियों केअनुशासन, तथा उनके फिटनेस को लेकर प्रशिक्षण दिया गया वहीं अच्छी बल्लेबाजी गेंदबाजी तथा क्षेत्र रक्षण को लेकर भी टेक्नोलॉजी से बच्चों को प्रशिक्षित किया गया है जिसमें मशीन से बॉलिंग करना तथा और और बल्लेबाजी की भी तकनीक सीनियर कोच के द्वाराबताई गई। आज एक सादे समारोह में समर कैंप का समापन किया गया । इसमें फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भटिया ने



### 10 सालों में सैकड़ो बच्चे प्रशिक्षित

फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान से पिछले 10 सालों में सैकड़ो बच्चे यहां से क्रिकेट की तकनीक सीख कर आगे बढ़े हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर रहे है। बच्चों के द्वारा इस समर कैंप में में कोच निर्भय नंद कुटे और अजय चंद्राकर ने खिलाड़ियों को यहां क्रिकेट की तकनीक सिखाई। और हेड कोच, और जाने-माने क्रिकेटर कमल चड्ढा करण कुलदीप कुर्रे के मार्गदर्शन में समर कैंप का आयोजन किया गया। और आने वाले समय में भी फाउंडेशन के खेल मैदान से से क्रिकेट के क्षेत्र में प्रतिभाए निकले इसके लिए देश के भारतीय टीम के खिलाड़ियों के माध्यम से यहां खिलाड़ियों को प्रशिक्षित भी किया जा रहा है जिसमें भारतीय क्रिकेटर रहे राजेश चौहान देश के जाने-माने रणजीत प्लेयर अंकित यादव ने इस मैदान में नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट के टिप्स भीदिए। और शहर की सबसे बड़े खेल मैदान राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में समर कैंप के खिलाड़ियों को को परीक्षा दिया गया एवं मैच भी खिलाया गया। खिलाड़ियों के माता-पिता ने भी आज समर कैंप की सराहना की।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सीनियर वर्ग में एफसीए सुपर जायट्स ने विजेता का खिताब जीता और जूनियर वर्ग में एफसीए चैलेंजर्स के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में अच्छे बल्लेबाजी के लिए दिव्यांश कश्यप को मेडल प्रदान किया गया , और इन्होंने अच्छे बल्लेबाजी की और बेस्ट बॉलर का खिताब भी जीता और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी दिव्यांश कश्यप को अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया। जूनियर वर्ग में अच्छे बल्लेबाजी के लिए कपिल सोनी को सम्मानित किया गया और अच्छी गेंदबाजी के लिए कार्तिक बलेचा एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रसिद्ध बंसल को प्रदान किया गया। जूनियर वर्ग सात्विक ताम्रकार को बेहतर क्षेत्ररक्षण का पुरस्कार मिला।

समर कैंप के समापन समारोह में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया तथा शहर के खिलाड़ी सुरेश शुक्ला ने खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर प्रिंस भाटिया ने कहा कि भले ही खिलाड़ी कहीं पर भी प्रेक्टिस करें, लेकिन उन्हें खेल के मैदान से जुड़ना जरूरी है। खेल में अनुशासन जरूरी है। और शहर के खिलाड़ी परिवार का एवं अपने समाज का नाम क्रिकेट के क्षेत्र में रोशन करें।

## खबर संक्षेप

### बिल्हा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

बिल्हा। स्व. रामदुलारी गुप्ता की स्मृति में गुप्ता परिवार एवं अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन में 24 मई को सुबह 11 से 1 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में उपलब्ध विशेषज्ञ डॉ रश्मि शर्मा स्त्री एवं प्रसूति विभाग, डॉ संभवी स्त्री एवं प्रसूति विभाग, डॉ मोहन गुप्ता चर्म रोग रोग विशेषज्ञ, डॉ जायसवाल अस्थि एवं स्पाइन विभाग विशेषज्ञ, डॉ राहुल जैन मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ सितेन्दु पटेल पेट एवं लीवर रोग विभाग, डॉ रुपेश श्रीवास्तव हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ अभिषेक कोसले हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ अविनाश गुप्ता न्यूरोलॉजी विभाग, डॉ संदीप न्यूरोलॉजी विभाग, डॉ प्रकृति यदु दंत रोग विभाग, डॉ मंधार गोकाटे मेडिसीन, डॉ संदीप तिवारी नेत्र रोग विभाग के द्वारा मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### रोजगार मेले में 38 युवाओं का चयन



मुंगेली। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा बेरोजगार युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का अवसर प्राप्त किया। रोजगार मेले में जिले भर से 109 आवेदक उपस्थित हुए और विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया के बाद 65 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया, जबकि 38 आवेदकों का अंतिम रूप से चयन हुआ।

## निधन

### विश्वनाथ मिश्रा

बिलासपुर। सरकंडा जबड़पारा निवासी विश्वनाथ मिश्रा का निधन 21 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश मिश्रा के पिता तथा पंडित तुलसीदास मिश्रा और हनुमान प्रसाद मिश्रा के भाई थे।



### रामलाल अग्रवाल

बिलासपुर। दयालबंद निवासी रामलाल अग्रवाल पिता स्व. मनमोहन लाल अग्रवाल का 22 मई को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 मई को दोपहर 12 बजे दयालबंद मधुबन में किया जाएगा। वे राजकुमार, रामकुमार, कृष्ण कुमार के पिता एवं केशव, मुरारी के छोटे भाई थे।



### पुष्पा गोयल

बिल्हा। बिल्हा के प्रतिष्ठित फर्म श्री गोयल राइस मिल परिवार के स्वर्गीय राम प्रसादजी गोयल के ज्येष्ठ सुपुत्र ढुलीचंद अग्रवाल की धर्मपत्नी एवं सुभाष गोयल की माताजी पुष्पा गोयल का आकस्मिक देव लोकगमन हो गया। इनकी शांति यात्रा 22 मई को को उनके निज निवास से सुबह 10 बजे निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार बिल्हा मुक्तिधाम में किया गया।



### नंद कुमार सिंह ठाकुर

मस्तूरी। ग्राम किरारी निवासी स्वर्गीय गणेश सिंह ठाकुर के जेष्ठ पुत्र नंद कुमार सिंह ठाकुर का 73 वर्ष की आयु में गुरुवार 22 मई को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम किरारी मुक्ति धाम में किया गया। वे पवन सिंह एवं ठाकुर संतोष सिंह के भाई थे।



## सुबह 11 बजे के बाद सूनी हो रहीं सड़कें

# लू की चपेट में पूरा क्षेत्र, बदली लोगों की दिनचर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पूरा क्षेत्र दिन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सुबह 8 बजते ही सूरज की किरणें तपिश देने लगती हैं एवं गर्म हवाओं का झोंका चलने लगता है, जो शाम 7 बजे के बाद भी जारी रहता है।

इस भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए लोग टोपी, गमछा के साथ निकल रहे हैं। पारा भी 45 डिग्री तक पहुंच चुका है एवं 11 बजे के बाद सड़कें सूनी हो जाती हैं। आवश्यक पड़ने पर ही लोग घर से निकल रहे हैं। तापमान का पारा इतना अधिक है कि दोपहर में कूलर भी काम नहीं कर रहे हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से कहा है कि, घर से निकलते समय सिर में टोपी, गमछा पहनकर निकलें, हमेशा तरल पदार्थों का सेवन करते रहें एवं तेलीय पदार्थों से दूर रहें। यदि गर्मी में चक्कर आना, उल्टी होना, सिर दर्द, बुखार लगे तो बिना देरी किए चिकित्सक से जरूर परामर्श करें। इस भीषण गर्मी में बच्चों और बुढ़ों का विशेष ख्याल रहे।

### स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने किया छाते व टोपी का वितरण

भीषण गर्मी एवं तेज धूप को देखते हुए स्वयं सिद्धा फाउंडेशन की ओर से जनसेवा एवं राहत कार्य के अंतर्गत तखतपुर में सराहनीय सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस विभाग एवं बिजली विभाग के लगभग 25-25 कर्मचारियों को भीषण गर्मी से बचने के लिए पानी की बोतल, गमछा एवं छाते टोपी का वितरण किया गया। इसके साथ ही सब्जी विक्रेताओं, मछली विक्रेताओं एवं मोची चिल्हर फुटकर व्यापारियों को धूप और बारिश से बचाव हेतु बड़े गार्डन छाते प्रदान किए गए, जिससे उन्हें अपने कार्य के दौरान राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान तखतपुर पुलिस विभाग एवं बिजली विभाग के उन कर्मचारियों का विशेष सम्मान किया गया, जो भीषण गर्मी, तेज धूप एवं बारिश जैसी कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर सेवाएं देकर जनसुविधाओं को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। फाउंडेशन ने उनके समर्पण, सेवा भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, वरिष्ठ समाजसेवी परमजीत सिंह बग्गा सहित नगर पालिका के पार्षद एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संस्था के इस सामाजिक एवं मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए इसे जनहित में प्रेरणादायी पहल बताया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका ऋतु साहू, अध्यक्ष चंचल सलूजा, सचिव नवीन चंद्र दुबे, आदर्श सराफ, श्वेता सिंह, रम्या सुभाष, विजय लक्ष्मी एवं विमला रजक सहित संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### राहगीरों की प्यास बुझाने बनाया गया प्याऊ घर

जरहागांव। भीषण गर्मी और तपते मौसम के बीच जहां लोग गर्म हवाओं से परेशान हैं, वहीं बरेला नगर पंचायत में जनसेवा और मानवता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के सहयोग से राहगीरों, मजदूरों, यात्रियों एवं आम नागरिकों के लिए 'शीतल जल प्याऊ घर' की व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। दोपहर की चिलचिलाती धूप में जब राहगीर प्यास से व्याकुल होकर यहां पहुंचते हैं, तब उन्हें ठंडा पानी मिलना किसी राहत से कम नहीं लगता। स्थानीय लोगों ने इस पहल को जनहित में अत्यंत सराहनीय बताया है। इस दौरान विधायक पुन्नूलाल मोहले ने प्याऊ घर से ठंडा जल पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस कार्य की प्रशंसा करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले, राकेश बैस एवं उनकी पूरी टीम ने इस जनकल्याणकारी पहल को सफल बनाने में सक्रिय कार्य के लिए प्रशंसा किया। क्षेत्रवासियों ने उनके इस सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि, राजनीति का वास्तविक उद्देश्य जनता की सेवा होना चाहिए और यह कार्य उसी भावना को प्रदर्शित करता है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था राहगीरों के लिए वरदान साबित होती है।




## तालाब किनारे पेड़ कटाई से पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश



मल्हार। नगर पंचायत कार्यालय से करीब 100 मीटर दूरी पर स्थित पौराणिक महत्व के परमेश्वरा तालाब के पार अवैध रूप से पेड़ों की कटाई हो रही है। क्षेत्र में पेड़ों के कटे हुए ठूंठ दिखाई देने से स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों में नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि, तालाब किनारे वर्षों पुराने पेड़ों को बिना अनुमति काटा जा रहा है, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ गया है। यह क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए जाना जाता है, जो अब विरान नजर आ रहा है यहां प्रतिदिन लोग घूमने और समय बिताने पहुंचते हैं। मौके पर कटे हुए पेड़ का ताजा ठूंठ साफ तौर पर दिखाई दे रहा है, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि हाल ही में कटाई की गई है। लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि, यदि समय रहते अवैध कटाई पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में तालाब क्षेत्र की हरियाली पूरी तरह समाप्त हो सकती है।

### पतंजलि योग समिति का योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

तखतपुर। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास ट्रस्ट तखतपुर की ओर से 25 दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 11वां दिन गुरुवार को अतिथि पूजा संजू मक्कड़ नपा अध्यक्ष एवं पार्षद पूजा गुप्ता ने संयुक्त रूप से गायत्री महामंत्र पाठ के साथ योग शिविर का शुभारंभ कर योग अभ्यास भी किया। इस दौरान इन्होंने बताया कि, विगत कई वर्षों से नियमित योग अभ्यास कर रही हूं, इससे मन बुद्धि विचार पर नियंत्रण हो जाता है। नारायण प्रसाद पाली मीडिया प्रभारी ने बताया कि, योग शिक्षक भूषण कश्यप द्वारा सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम का अभ्यास बहुत अच्छे ढंग से कराया गया। अतिथि का स्वागत मंदाकिनी ठाकुर, रीना ठाकुर ने माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर किया। कवि दिनेश दुबे ने हास्य योग कराया गया एवं ठाकुर रोहन सिंह ने आभार व्यक्त किया।



## श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

करगीरोड। कोटा में अग्रहरि परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का भक्त भाव विभोर होकर श्रवण कर रहे है। कथा के प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ दिवस की कथा में व्यास पीठ से कथा वाचक प्रकाश जोशी ने भगवान श्री हरि की कथा का वर्णन करते हुए सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि हरि कृपा से ही कथा श्रवण करना संभव हो सकता है इसलिए भगवान की कृपा प्राप्त हो ऐसे कर्म करने चाहिए। कथा के माध्यम से उन्होंने कहा कि भगवान नें सभी को आनंद दिया है, इसलिए खुद खुश रहें और दूसरों को भी खुशी दें। यह जीवन हमें सभी को प्रसन्न रखने के लिए मिला है न हीं किसी को दुख देने परेशान करने के लिए मिला है। अगर यहां किसी को दुख दोगे कष्ट दोगे रूलाओगे तो उसका फल वैसा ही मिलेगा, जैसी करनी वैसी भरनी। सुंदर प्रसंग के साथ व्यास पीठ से महराज ने सभी श्रोताओं को यथार्थ और वास्तविकता का अनुभव कराया। दूसरे दिन की कथा में राजा परीक्षित और शुक देवजी की कथा बताई एवं भक्त प्रहलाद और भगवान नरसिंह अवतार के सुंदर वर्णन के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव नंद बाबा की सजीव झांकि के साथ हुआ।



## निजी भूमि पर सड़क निर्माण का आरोप, किसान ने कलेक्टर-एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

**बिल्हा।** नगर पंचायत बिल्हा के वार्ड क्रमांक 13 स्थित मेन रोड, मंगल सांस्कृतिक भवन के बाजू में अरपा-भैंसाझार परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण का कार्य किया गया है।

आरोप है कि इस निर्माण के दौरान किसान रूपचंद अग्रवाल की स्वामित्व भूमि खसरा नंबर 54/7, रकबा 77 डिसमिल में से लगभग 20 डिसमिल भूमि नहर में शामिल कर ली गई, जबकि शेष बची 58 डिसमिल भूमि का आज तक राजस्व विभाग एवं नहर परियोजना विभाग द्वारा सीमांकन नहीं कराया गया।किसान रूपचंद अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने कई बार अधिकारियों से सीमांकन कराने की मांग की, लेकिन अब तक उन्हें यह नहीं बताया गया कि उनकी बची हुई भूमि कहां स्थित है और उसका वास्तविक रकबा कितना है। आरोप है कि गुरुवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के किसान की निजी भूमि पर जेसीबी लगाकर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया। इसका किसान ने विरोध करते हुए जेसीबी मशीन को बंद करवाकर वापस भेज दिया।इसके बाद किसान ने अपनी बची हुई भूमि की सुरक्षा के लिए चारों ओर गड्ढा खुदवाकर घेराबंदी करवाई। आरोप है कि अगले दिन पीडब्ल्यूडी इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से उन गड्ढों को पाट दिया। किसान के अनुसार, इंजीनियर ने कहा कि यह कार्य तहसीलदार के निर्देश पर किया गया है। हालांकि जब तहसीलदार को मौके पर बुलाया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल निवेदन करने की बात कही थी, गड्ढे पाटने के निर्देश नहीं दिए थे।किसान ने तहसीलदार से सीमांकन कराने की अनुमति देने की मांग की, लेकिन आरोप है कि पीडब्ल्यूडी इंजीनियर ने तत्काल सड़क निर्माण कराने का दबाव बनाया और कहा कि सीमांकन में तीन-चार दिन लग जाएंगे। इसके बाद बिना किसी निर्णय के तहसीलदार वहां से चले गए।किसान का कहना है कि वह अपनी खेती और भूमि को मवेशियों से बचाने के लिए घेराबंदी कर रहे थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों द्वारा उसे भी हटवा दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इंजीनियर बड़े अधिकारियों की बात भी नहीं सुन रहे हैं और जबरन निर्माण कार्य कराने पर अड़े हुए हैं। किसान रूपचंद अग्रवाल ने कलेक्टर एवं एसडीएम से मांग की है कि उनकी बची हुई भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य रोका जाए, सीमांकन कराया जाए और मामले में निष्पक्ष जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए।

- सीमांकन किए बिना निर्माण कराया, पीडब्ल्यूडी इंजीनियर पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप

### लोक सेवा केंद्रों' का 'सेवा-सेतु केंद्र के रूप में उन्नयन

**मुंगेली।** राज्य शासन ने नागरिक सेवाओं को अधिक सुगम, पारदर्शी और डिजिटल रूप से सुलभ बनाने की दिशा में पहल करते हुए प्रदेश में संचालित 'लोक सेवा केंद्रों' का उन्नयन कर उन्हें अब 'सेवा-सेतु केंद्र' नाम दिया है। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिकतम शासकीय एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से 73 सेवाएं उपलब्ध थीं, वहीं अब सेवा-सेतु केंद्रों के जरिए 442 डिजिटल सेवाएं नागरिकों को प्रदान की जा रही हैं। इससे शासन की सेवाएं गांव-गांव और आमजन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेंगी। नई व्यवस्था से समय, श्रम और संसाधनों की बचत होने के साथ-साथ सेवाओं की पारदर्शिता और गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी ताराचंद टंडन पिता स्व. राम रतन टंडन निवासी ग्राम डगनिया पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 268/1, 38/1 रकबा क्रमशः 0.85 एकड एवं 0.85 एकड कुल रकबा 1.70 एकड़ भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

## दूसरे दिन भी जारी रही अतिक्रमण पर कार्रवाई

### दाऊपारा से लेकर लोरमी मार्ग और सर्किट हाउस चौक तक हटा कब्जा



**मुंगेली।** नगर में आज दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दूसरे चरण में शुक्रवार को दाऊपारा चौक से लेकर लोरमी मार्ग और सर्किट हाउस चौक तक जेसीबी के माध्यम से ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई।वही दूसरे दिन इस अभियान की कमान एडीएम निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने संभाली वही उनके साथ एसडीएम अजय शतरंज, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, नगर पालिका सीएमओ होरी सिंह ठाकुर सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

दूसरे दिन चले इस अभियान में प्रशासन की सख्ती को देखते हुए व्यापारियों और आम नागरिकों ने भी अपनी जिम्मेदारी समझी और स्वेच्छा से सहयोग किया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था। पूरी कार्रवाई बिना किसी विवाद के शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासनिक अमला जैसे ही दलबल के साथ दाऊपारा चौक पहुंचा, दुकानदारों और मकान मालिकों ने अपने अतिरिक्त निर्माण, अवैध रूप से बढ़ाए गए टीन शेड, काउंटर और अन्य सामानों को खुद ही हटाना शुरू कर दिया। सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने के बाद लोरमी मार्ग की सड़कें काफी चौड़ी और साफ नजर आने लगी हैं, जिससे आने–जाने वाले राहगीरों ने राहत की सांस ली है। इस संयुक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग, नजूल विभाग और नगर पालिका की टीम मुस्तैद रही। अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कहा कि शहर का विकास और आम जनता को सुगम यातायात देना हमारी पहली प्राथमिकता है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार यह अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम अजय शतरंज ने कहा कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सड़कों का चौड़ा होना बेहद जरूरी है। दाऊपारा से लोरमी मार्ग तक जो कार्रवाई हुई है, उससे जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी। नजूल और राजस्व विभाग की टीम लगातार जमीनी पैमाइश कर रही है। किसी भी वैध निर्माण को नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा है, केवल सरकारी जमीन और सड़क को बाधित करने वाले अवैध ढांचों को ही हटाया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरीसिंह ठाकुर ने कहा कि नगर पालिका की टीम सफाई और मलबे को हटाने के काम में लगी हुई है। हमारा उद्देश्य केवल अतिक्रमण हटाना नहीं, बल्कि शहर को सुंदर बनाना भी है।

### उचित मूल्य दुकान में अनियमितता पर कार्रवाई

**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी की शासकीय उचित मूल्य दुकान में गबन प्रकरण और निलंबन के संबंध में खाद्य विभाग ने वास्तविक स्थिति देते हुए बताया कि, मां सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा कुल 403.28 क्विंटल चावल, 10.38 क्विंटल शक्कर तथा 9.51 क्विंटल नमक की अफरा-तफरी कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई।

खाद्य अधिकारी ने बताया कि 14 अगस्त 2025 के पूर्व उक्त राशन दुकान का संचालन मां सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। विभागीय भौतिक सत्यापन के दौरान विभिन्न वर्षों में खाद्यान्न की गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। सितंबर 2022 के सत्यापन में दुकान में 88.76 क्विंटल चावल, 5.14 क्विंटल शक्कर तथा 5.28 क्विंटल नमक कम पाया गया था, जिसकी कुल आर्थिक राशि 3 लाख 62 हजार 454 रुपएं आंकी गई। इस संबंध में समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, किंतु राशि शासन खाते में जमा नहीं की गई। इसी प्रकार मार्च 2024 के भौतिक सत्यापन में 242.27 क्विंटल चावल, 3.70 क्विंटल शक्कर एवं 3.22 क्विंटल नमक कम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 56 हजार रुपये से अधिक बताई गई। विभाग द्वारा राशि जमा कराने हेतु मांग पत्र जारी किया गया, लेकिन राशि जमा नहीं होने पर तहसीलदार लोरमी को भू-राजस्व बकाया की तरह वसूली कार्रवाई प्रारंभ करने पत्र भेजा गया। मार्च 2025 के सत्यापन में भी 48.32 क्विंटल चावल की कमी पाए जाने पर संबंधित समूह के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा 14 अगस्त 2025 को दुकान संचालन का आवंटन निलंबित कर दिया गया।

**आम सूचना**

मैं अपने कार्यार्थी दीपक कुमार रजक आत्मज श्री दिनेश कुमार रजक, निवासी ग्राम व पोस्ट जरौंधा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करता हूँ कि प्रीति सिंह पति श्री अरविंद कुमार सिंह, जाति–क्षत्रिय, निवासी–अल्का एवेन्यू–सी/57 उसलापुर तहसील सकरी, जिला–बिलासपुर छ.ग. के नाम पर ग्राम नगोई, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. जरौंधा, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर छ.ग. में खसरा नं. 372 रकबा 0.50 एकड़ (0.2020 हेक्टेयर) कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसे मेरे कार्यार्थी के पास जुमला 4,50,000/– (चार लाख पचास हजार रूपये) में विक्रय का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम धनराशि के रूप में 1,00,000/– (एक लाख रूपये) नगद व 2,00,000/– (दो लाख रूपये) का चेक कुल 3,00,000/– (तीन लाख रूपये) की राशि प्राप्त कर नोटरीयुक्त बिक्री का इकरारनामा दिनांक 31.07.2024 को निष्पादित करते हुए दखल कब्जा सौंप दिया है। उसके बावजूद प्रीति सिंह द्वारा उपर्युक्त वर्णित भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करने हेतु ग्राहक तलाश किया जा रहा है कि जानकारी मेरे कार्यार्थी को होने पर यह सूचना प्रकाशित कराया जा रहा है कि उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति या संस्था प्रीति सिंह पति श्री अरविंद कुमार सिंह से किसी भी प्रकार का क्रय विक्रय, दान–पट्टा इत्यादि के संबंध में कोई संव्यवहार न करे। क्योंकि मेरे कार्यार्थी द्वारा उपर्युक्त वर्णित भूमि के संबंध में संविदा के विनिर्दिष्ट पालन हेतु व्यवहार वाद प्रस्तुत करने हेतु अग्रसर है। एतद् सूचना जाने।

दिनांक 22/05/2026
भवदीय- रवि सिंह क्षत्रिय (अधिवक्ता)
गुलजार नगर, पकरिया रोड तखतपुर, जिला-बिलासपुर छ.ग.
मो.7000072731, 9893353316

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी कांती पति गायत्री प्रसाद निवासी ग्राम डगनिया पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 223, 226, 227/1 रकबा क्रमशः 0.61 एकड, 0.24 एकड एवं 2.55 एकड़ भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी सरोज सुमन पति संजय कुमार सिंह निवासी ग्राम चकरबेढ़ा पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.न. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 252/3 रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी निखिल टण्डन पिता श्री दिलहरण टण्डन निवासी ग्राम डगनिया पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.न. 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 256/2 रकबा 1.22 एकड़ भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी चन्द्रीका बाई पति श्री पुरुषोत्तम टंडन निवासी ग्राम डगनिया पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 239/3 रकबा 0.80 एकड़ भूमि दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा आसामी सुपर इस्पात रायपुर प्राईवेट लिमिटेड रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी जयकुमार पिता संतराम निवासी ग्राम डगनिया पोस्ट मल्हार तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर मौजा ग्राम डगनिया प.ह.नं 19 तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 207/3 रकबा 0.1340 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है जिसे मेरे आसामी के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर भूमि स्वामी को बयाना राशि प्रदान कर अपने पक्ष में इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है और शीघ्र ही भूमि की रजिस्ट्री कराना प्रस्तावित है अतः किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा वितीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वामित्व के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो समाचार के प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कर सकते है, जिसके बाद भूमि के पंजीयन पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। कृपया अवगत हो।

भवदीय
कुलदीप शर्मा अधिवक्ता/नोटरी
कार्यालय :- मेन रोड राजकिशोर नगर स्टेट बैंक के पास बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. 9827943402

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस**

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 20/05/2026

एतद् द्वारा अनावेदकगण 1. भारत वल्द बनवाली, 2. होरीलाल वल्द गरीबा निवासी कुदुदण्ड तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि मौजा कुदुदण्ड प.ह.न. 34 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा स्थित भूमि खसरा नम्बर 105/4, 106/4 रकबा 1740 वर्गफुट भूमि का न्यायालय भू-अधीक्षक (परिवर्तित भूमि/नगरीय क्षेत्र) बिलासपुर के रा.प्र.क्र. 1465/अ-6/12-13 में पारित आदेश दिनांक 27/02/2015 के परिपालन में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदकगण मुकेश कुमार पिता स्व. लोकनाथ पाण्डेय वगैरह निवासी श्रीराम विहार कालोनी, म.न. ए-18 नेहरू नगर तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण के सुनवाई दिनांक 08.06.2026 के लिए नियत है। अतः आप दिनांक 08.06.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज जवाब पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात दस्तावेज एवं जवाब स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 20.05.2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार गनियारी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**–:: ईश्तहार ::–**

रा.प्र.क्र........अ-6-अ/25-26
ग्राम लमेर प.ह.नं. 58

एतत द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम लमेर प.ह.नं. 58 रा.नि.म. गनियारी सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक भागवत प्रसाद कौशिक पिता स्व. नेतराम कौशिक निवासी अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम लमेर स्थित भूमि खसरा नंबर 58 रा.नि.मं. गनियारी स्थित भूमि खसरा नंबर 250/5 रकबा 0.51 हे. भूमि आवेदक के बंटवारा से पाया एवं नामांतरण क्रमांक 10 दिनांक 30.01.2008 अनुसार प्राप्त हुआ किन्तु वर्तमान अभिलेख में वाद भूमि में कर्म दर्ज रकबा के स्थान पर वास्तविक रकबा 0.51 एकड़ को भूमि आवेदक भागवत पिता नेतराम के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदनं अ.वि.अ.(रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जॉच प्रतिवेदनार्थ इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 05/06/26 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 21/05/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
गनियारी

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक /Q / तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 13/05/2026

मौजा जरहाभाठा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जरहाभाठा प.ह.न. 38 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित / कृषि भूमि ख.न. 30, 31, 32 रकबा 5017, 4560 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में मुख्य मार्ग (करगील चौक-मंदिर) दक्षिण में अंजना हेनरी पूर्व में निस्तारी रास्ता, पश्चिम में क्रेता की संपत्ति है, आवेदन अनुसार आवेदक/ उनके पूर्वज दिनांक.......से काबिज होने से आवेदक/ आवेदिका रुपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति धासीराम अग्रवाल निवासी जरहाभाठा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 28/05/2026 को सुबह 11:00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 13/05/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-21/2025-26,
ग्राम परसदा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम परसदा प0ह0न0 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पलता परस्ते पति शशि कुमार परस्ते जाति गोड़/अनु.ज.जा. निवासी रामबाग, वाली गली कैलाशपुरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवेदन पत्रानुसार ग्राम परसदा प0ह0नं0 47 रा.नि.म. पेण्डारी तहसील सकरी स्थित भूमि ख0नं0 329/14 रकबा 0.0092 हे0 भूमि को विक्रय करने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका के आवेदन के अनुसार प्रश्नाधिन भूमि को विक्रय कर, विक्रय की राशि से अन्य क्रय किये गये मकान की राशि अदा करना चाहती है। आवेदित भूमि को गैर आदिवासी क्रेता श्रीमती सुगंती बुनकर पति जगेश्वर राम चौहान निवासी वार्ड नं 10 पुरानी टोली, जशपुर जिला जशपुर छ0ग0 के पास राशि रु. 7,50,000-00/- में विक्रय करने का सौदा कर बयान राशि के रूप में रूपये 25,000-00/- प्राप्त कर लिया गया है, का उल्लेख करते हुए आवेदित भूमि के विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 06.06.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार सकरी



## खबर संक्षेप

### पीएचडी की उपाधि से सम्मानित हुए नीरज



**पेंड्रा।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जिले के प्रख्यात समाजसेवी एवं शिक्षाविद् नीरज जैन को पीएचडी की उपाधि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। विश्वविद्यालय ने यूजीसी के एमफिल-पीएचडी विनियम-2016 के तहत सभी प्रक्रियाएं पूर्ण होने एवं परीक्षकों की अनुशंसा के बाद उन्हें 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है। नीरज जैन ने अर्थशास्त्र विषय में 'निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का एक विश्लेषणात्मक अध्ययन एनएमडीसी किरंदुल के विशेष संदर्भ में" विषय पर शोध कार्य किया। उनका यह शोध सामाजिक विकास, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व तथा जनकल्याण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉ प्रतिमा बैस ने किया। विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग अंतर्गत किए गए इस शोध में समाज एवं आर्थिक विकास पर कॉर्पोरेट संस्थाओं के प्रभाव का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

### जनजाति समाज की 56 सदस्यीय टीम दिल्ली रवाना



**लोरमी।** दिल्ली में 24 मई को होने वाले सांस्कृतिक समागम में शामिल होने वाले 56 ग्रामीणों के समूह के सभी सदस्यों को 'प्रयास-अ स्माल स्टेप' फाउंडेशन की टीम ने तिलक लगाकर और गमछा पहनाकर यात्रा के लिए रवाना किया गया। समागम में सहभागिता के लिए जिले से जनजाति समाज की महिलाएं और पुरूष की टीम गुरुवार को लोरमी से बस के माध्यम से बिलासपुर के रवाना हुए एवं बिलासपुर से ट्रेन के माध्यम से वे 23 मई की सुबह दिल्ली पहुंचेंगे। वहीं 24 मई को दिल्ली के लाल किला मैदान में देश भर से आए हुए जनजाति समाज के लाखों लोगों को सांस्कृतिक समागम का आयोजन होगा, जिसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। लोरमी क्षेत्र के जनजाति समाज आज अपनी हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को लेकर बेहद सजग है। इसका सुखद परिणाम है कि, जंगल में निवासरत ग्रामीण इतनी गर्मी में दिल्ली जाने के लिए बेहद उत्साहित नजर आए। प्रयास की टीम ने जाने वाले ग्रामीणों को बताया कि, दिल्ली में भी उनकी टीम आपके सहयोग के लिए तैयार रहेगी, कुछ भी समस्या होनें पर आप तुरंत हमें फोन करेंगे हम हर समय आपके संपर्क में रहेंगे।

### प्रशासन की सतर्कता से रोका गया नाबालिग का विवाह



**पेंड्रा।** जिले में बाल-विवाह रोकथाम को लेकर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए एक नाबालिग बालक का विवाह रुकवाया है। जिला चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना मिली थी कि, गौरेला थाना क्षेत्र में ब्लॉक मरवाही के ग्राम पिपरिया 23 मई को एक अज्ञात नाबालिग बालक का विवाह होने वाला है। सूचना मिलते ही मामले की जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी को दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जीपीएम अमित सिन्हा के निर्देशन में जिला बाल संरक्षण अधिकारी बीरेंद्र कुर्रे द्वारा तत्काल टीम गठित की गई। ब्लॉक परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में सेक्टर सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, गौरेला पुलिस, वार्ड पंच एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। टीम ने बालक की उम्र संबंधी दस्तावेजों की जांच की, जिसमें अंकसूची के आधार पर बालक की उम्र 19 वर्ष 11 माह 3 दिन पाई गई, जो कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत निर्धारित आयु 21 वर्ष से कम है। इसके बाद टीम ने बालक एवं बालिका पक्ष के परिजनों को समझाइश दी और बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। दोनों पक्षों से घोषणा पत्र एवं पंचनामा पर हस्ताक्षर कराकर विवाह पर रोक लगाई गई।

### बाजार के पास बुजुर्ग का शव मिलने से हड़कंप



**मस्तूरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंधरा चौक के पास शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बाजार क्षेत्र में एक बुजुर्ग व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। जानकारी के अनुसार लगभग 75 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का शव परमानंद जूता दुकान के पास देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना मस्तूरी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक बुजुर्ग क्षेत्र में घूम-घूमकर भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन करता था। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि, भीषण गर्मी और लू लगने के कारण वृद्ध की मौत हुई होगी। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### शिविर में 20 ग्राम पंचायतों के लोगों ने रखी मांग व समस्याएं

# योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर तक पहुंचाई जा रही: मरपच्ची

■ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**पेंड्रा।** सुशासन तिहार के प्रति जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। गौरेला जनपद के ग्राम पंचायत नेवसा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 20 ग्राम पंचायतों लालपुर, गिरवर, दौजरा, हर्राटोला, साल्हेघोरी, डाहीबहरा, पंडरीपानी, अंधियारखोह, हर्री, गांगपुर, धनौली, गोरखपुर, झगराखांड, कोरजा, अंजनी, तेंदूमूडा, चुकतीपानी, नेवसा, सारबहरा एवं सेमरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपनी मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची के मुख्य आतिथ्य में आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 300 हितग्राहियों को समाग्री-सहायता राशि वितरित की गई। राजस्व विभाग की ओर से 66 हितग्राहियों को फौती नामांतरण, 42 हितग्राहियों को किसान किताब, 17 हितग्राहियों को बटवारा-बीवन खसरा एवं 12 हितग्राहियों को वन अधिकार किसान किताब वितरित किया गया। इसी तरह श्रम, स्वास्थ्य, समाज कल्याण पंचायत, मछली पालन, महिला एवं बाल विकास, कृषि, परिवहन, शिक्षा विभाग की योजनाओं के तहत सहायता राशि, आयुषमान कार्ड, सहायक उपकरण, आवास चाबी, जाल एवं कैरेट, नियुक्ति पत्र, उन्नत बीज, लर्निंग लाइसेंस, पाठ्य पुस्तक आदि वितरित किया गया। इसके साथ ही 12 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 11 बच्चों का अन्नप्राशन रस्म भी की गई। कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन के निर्देश अनुसार सभी विभागों के अधिकारियों ने मंच के समक्ष बारी-बारी से आकर प्राप्त आवेदनों एवं निराकरण की स्थिति से आवेदकों को अवगत कराया इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा एवं पुलिस अधीक्षक मनोज खिलारी ने भी शिविर को संबोधित किया और ग्रामीणों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने कहा। व शिविर में डीएफओ ग्रीष्मी चांद, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, जिपं सीईओ मुकेश रावटे, जनपद अध्यक्ष गौरेला शिवनाथ बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जनता को मिल रहा योजनाओं का लाभ: मोहले



■ ठकुरीकापा में समाधान शिविर, 300 आवेदन हुए प्राप्त

**जरहागांव/मुंगेली।** विकासखंड मुंगेली के ग्राम ठकुरीकापा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और विभिन्न विभागों के माध्यम से अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पाटले, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जनपद पंचायत सदस्य पवन पांडेय तथा मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। इस मौको पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, राज्य सरकार की मंशा है कि, शासन की प्रत्येक योजना का लाभ गांव-गांव तक पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान समय पर हो। एडीएम ने बताया कि सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले में कुल 24 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, मुंगेली जनपद क्षेत्र में पांच शिविर प्रस्तावित हैं, जिनमें यह चौथा शिविर था। इस शिविर में लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवेदनों का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया।

## प्रधानमंत्री पर की गई राहुल की टिप्पणी निंदनीय: भाजपा



**मुंगेली।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि कांग्रेस लगातार लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार–तार कर झूठ, भ्रम और नफरत की राजनीति कर रही है। जनता अब कांग्रेस की राजनीति को भली–भांति समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपमान को हम किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। देश की जनता और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगा। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विरुद्ध कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई अमर्यादित, गैर–जिम्मेदार एवं स्तरहीन टिप्पणी निंदनीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेष पाठक, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, युवा मोर्चा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य यश गुप्ता, जिला महामंत्री राजेन्द्र साहू, जिला उपाध्यक्ष तामेश्वर साहू, जिला मंत्री आदर्श जायसवाल एवं दीपक सोनकर, जिला कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी, पंकज सिंह ठाकुर, संदीप सिंह ठाकुर, शहर मंडल अध्यक्ष वासुदेव देवांगन, मनीष कोल, गुलशन राजपूत, मुकुल तिवारी, महामंत्री रवि साहू, ऋतुराज सिंह, सुरेंद्र साहू, मुकेश जायसवाल (मोदी), प्रिंस देवांगन, अजय चंद्राकर, किसान मोर्चा के ओम सिंह, तरुण पाटले, लवन डाहीरे, रौशन पांडेकर, सुमित उपाध्याय, सुरेश नवरंग, आयुष वाधवा, गोविंदा साहू आदि मौजूद थे।

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**सरगांव।** ग्राम पंचायत बदराठ एवं ग्राम पंचायत पकरिया में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

ग्राम पंचायत बदराठ में समग्र विकास योजना अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। वहीं ग्राम पंचायत पकरिया में नवीन राशन दुकान का लोकार्पण एवं 18.30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधानसभा के विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक रहे। अतिथियों ने कहा कि, इन विकास कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा गांव के समग्र विकास को नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जिपं सभापति अंबालिका साहू, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, जपं पथरिया उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, सोसायटी अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, जिला मंत्री भेखचंद साहू, चंद्रशेखर कौशिक, धनेश्वरी युगल कौशिक, राजेंद्र टंडन, जमुना पांडे, देवलाल साहू, शबाना जबीन सहित श्रवण शर्मा, नारायण वर्मा, विशाल कौशिक, महेश साहू, मनोज साहू, उमाशंकर साहू, सरपंच ममता रमीज कुर्रे एवं राजकुमार साहू, पकरिया सरपंच चरण दास बंजारे, छेदू साहू, रामकुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

## बिजली, सड़क, पानी व मंहगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन



**सीपत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत की प्रथम मासिक बैठक शुक्रवार को स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र धीवर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज खरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के बाद पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और महंगाई को लेकर हंसा पेट्रोल पंप के पास कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सांकेतिक विरोध प्रदर्शन भी किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार जनहित को छोड़कर उद्योगपतियों के हित में काम कर रही है। आने वाले दिनों में जनता इनको उखाड़ फेंकेगी। मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस टीम बेहद मजबूत और समर्पित है, यही कांग्रेस की असली ताकत है। बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण राजू सूर्यवंशी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन युवा कांग्रेस महासचिव वीरेंद्र लैहर्षण ने किया। बैठक एवं प्रदर्शन के दौरान बुटन पाटनवार, अशोक सूर्यवंशी, राजू सूर्यवंशी, दीपक यादव, विक्रम सूर्यवंशी, वीरेंद्र लैहर्षण, भागीरथी पोरते, हेमंत जायसवाल, मुनीर खान, केदार कश्यप, वृंदा सूर्यवंशी, नंदकुमार साहू, जानू टंडन, राम कश्यप, रानू श्रीवास, वीरेंद्र पाटनवार, भागीरथी जायसवाल, शिवशंकर सिदार, वीरेंद्र सूर्या, गौतम खरे, क्रांति सक्सेना, राकेश डोंगरे, मोतीकिशोर जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मदकूद्वीप में श्री हरिहर आराधना महोत्सव की धूम



**सरगांव।** पवित्र पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री हरिहर क्षेत्र केदार मदकूद्वीप में एक माहव्यापी 'श्री हरिहर आराधना महोत्सव' का भव्य आयोजन जारी है। उत्तरवाहिनी शिवनाथ नदी के मध्य स्थित इस ऐतिहासिक और पावन तीर्थ स्थल 'रामाश्रय' में 17 मई से शुरू हुआ यह भक्ति का महासंगम आगामी 15 जून तक चलेगा।

इस धार्मिक महाअनुष्ठान में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और मातृशक्ति मदकूद्वीप पहुंच रहे हैं। यह विशाल महोत्सव पूज्य गुरुदेव वीतरागी संत सीताराम महाराज जी की पावन प्रेरणा और आशीर्वाद से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर संत रामस्वरूपदास महात्यागी 'रामाश्रय' के सान्निध्य में देश के जाने-माने विद्वान अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विख्यात कथा व्यास पं कृष्ण चंद्र देव पाराशर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा की रसवर्षा हो रही है, वहीं यज्ञाचार्य पं श्री प्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में वैदिक रीति-रिवाज से यज्ञ संपन्न कराया जा रहा है।

### 15 जून को होगी पूर्णाहुति

एक महीने तक चलने वाले इस भव्य आराधना महोत्सव का समापन 15 जून 2026, सोमवार को सुबह 11 बजे पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा कार्यक्रम के साथ होगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर सनातन संस्कृति के संरक्षण और इस महापुण्य के भागीदार बनने की अपील की है।



## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत

**बिलासपुर।** सरईपाली से अपने दोस्त से मिलने के लिए आए दो दोस्त हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में एक की मौत हो गई है, वहीं हारवेस्टर चालक घायल हो गया है। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार तिरथ घैराभाठा बिल्हा मोड में रहता है। सराईपाली से उसके परिवारिक भाई तिरथ सिंह और उसका दोस्त इंद्रजीत सिंह मिलने के लिए पहुंचा था। बिल्हा मोड के पास सड़क निर्माण के दौरान दोनों सड़क के किनारे पेशाब कर रहे थे, बिल्हा मोड से अज्ञात वाहन ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए दोनों को ठोकर मार दी। हादसे में तिरथ सिंह की मौत हो गई, वहीं इंद्रजीत घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है।

### परीक्षा देने जा रहा युवक हुआ हादसे का शिकार



**बिलासपुर।** उसलापुर से कोनी कालेज जा रहे युवक हादसे का शिकार हो गया,भीषण गर्मी के कारण कार का टायर फट गया जिसके बाद कार सीधे दीवार से जा टकराई। हादसे में युवक को मामलू चोट लगी है, लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उस्लापुर ओबर ब्रिज का है। जहां उस्लापुर निवासी पल्लव साहू पिता जगमोहन साहू उम्र 23 वर्ष परीक्षा दिलाने के लिए कोनी जा रहा था। इस दौरान वह अपने रिश्तेदार जितेन्द्र साहू की कार क्रमांक सीजी 28 के 5673 को लेकर निकला था, वह ओवरब्रिज से नीचे पहुंचा था कि तेज गर्मी के कारण कार के पिछले चक्के का टायर फट गया। जिसके बाद कार अनियंत्रित हो गई और दीवार से टकरा गई। जिसके बाद कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल युवक को बाहर निकला गया हालांकि युवक को मामूली चोट लगी है।

**फूल मार्केट की रौनक गायब** | व्यापारियों को उठाना पड़ रहा आर्थिक नुकसान, कम दामों पर बेचने की मजबूरी

# भीषण गर्मी और बिजली संकट से झुलसा फूलों का कारोबार,40 प्रतिशत स्टॉक हो रहा बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





नौतपा पहले ही भीषण गर्मी और लगातार बिजली बंद रहने से फूल मंडी झुलस गई है। शहर की इस प्रमुख मंडी के व्यापरियों का कारोबार इन दिनों पूरी तरह प्रभावित हो गया है। तापमान बढ़ने से मंडी में रखे करीब 40 फीसदी फूल समय से पहले खराब होकर कचरे में तब्दील हो रहे हैं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

फूल मंडी के व्यापारियों का कहना है कि वे माल को सुरक्षित रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज और फ्रीजर का सहारा लेते हैं, लेकिन शहर में लगातार हो रही बिजली की आंख मिचौली और लो-वोल्टेज की समस्या से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय पर कूलिंग ने होने के कारण फ्रीजर में रखा स्टॉक भी सड़ रहा है।

व्यापारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे फूलों का स्टॉक तो जैसे-तैसे रख भी लें, लेकिन बिक्री के लिए गेंदा,मोगरा और गुलाब जैसी मालाएं बनाकर उन्हें खुले में ही बाहर रखना पड़ता है। लू और तपिश के कारण ये मालाएं एक दिन में ही पूरी तरह मुरझा जाती है जिन्हें बाद में कम दामों में बेचना पड़ता है या फिर फेंकना पड़ता है।

### ट्रांसपोर्टेशन और पैकेजिंग ने बढ़ाई लागत

बिलासपुर मंडी में फूलों का स्थानीय आवक बेहद सीमित है। यहां के व्यापारी ज्यादातर माल नागपुर, कोलकाता और पुणे जैसे बड़े केन्द्रों से मंगवाते हैं। मरीमाई पुष्प भंडार के संचालक राजेन्द्र साहू ने बताया कि परिवहन का खर्च काफी बढ़ गया है, जिससे फूलों की लागत पहले ही ऊपर जा चुकी है। ऊपर से फूलों को सुरक्षित रखने और पैक करने के लिए इस्तेमाल होने वाली जिलेटिन पॉलीथीन और पैकेजिंग पेपर के दामों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है।

### आवक घटी, ऑफ-सीजन में दोहरी मार

मंडी में मुख्य रूप से गेंदा,देसी गुलाब ,मोगरा,सनफ्लावर ,रजनीगंधा स्टिक और जिप्सी जैसे फूलों की मांग रहती है। शादी और त्योहारों के सीजन में तो मांग अच्छी होने से व्यापार रफ्तार पकड़ लेता है और थोड़ा बहुत नुकसान कवर हो जाता है, लेकिन वर्तमान में ऑफ सीजन के कारण बाजार में खरीददार कम हैं।

मूल स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन की अवहेलना

# 14.60 करोड़ की लागत से बने अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खुल गया रेस्टोरेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ नेता प्रतिपक्ष ने टेंडर को निरस्त करने की मांग की

मुंगेली नाका स्थित संजय तरण पुष्कर परिसर में 14.60 करोड़ की लागत से बना अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स नियमों के खिलाफ संचालित हो रहा है। खिलाड़ियों के लिए बनाए गए इस खेल परिसर में रेस्टोरेंट और जिम चल रहे हैं वह भी उस फ्लोर में जहां पर इंडोर गेम्स होने हैं।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रदर्शित सूचना बोर्ड के अनुसार भूतल रेस्टोरेंट हेतु निर्धारित है, जबकि द्वितीय तल विशेष रूप से मैट गेम्स और खेल गतिविधियों हेतु निर्धारित है। स्पोट्स कॉम्प्लेक्स की मूल स्वीकृत ड्राइंग एवं डिजाइन प्रति में भी द्वितीय तल को मैट गेम्स हेतु निर्धारित किया गया है। इसका लेकिन पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान में जारी निविदा में द्वितीय तल को रेस्टोरेंट संचालन एवं मल्टीपरपज हॉल के साथ सम्मिलित किया गया है, जो कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मूल उद्देश्य एवं निर्धारित उपयोगिता के विपरीत प्रतीत होता है। निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने टेंडर को निरस्त करने की मांग की है। खिलाड़ियों के लिए बने इस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स को पूरी तरह क्लब की तर्ज पर बनाया गया है। इसके संचालन के लिए निगम ने टेंडर करते हुए ठेके पर दिया है। वर्तमान में जारी निविदा में द्वितीय तल को रेस्टोरेंट संचालन एवं मल्टीपरपज हॉल के साथ सम्मिलित किया गया है, जो कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मूल उद्देश्य एवं निर्धारित उपयोगिता के विपरीत प्रतीत है। पूर्व में जारी निविदाओं में द्वितीय तल को इस प्रकार सम्मिलित नहीं किया गया था तथा उसे उसके निर्धारित उपयोग के अनुरूप रखा गया था। वर्तमान निविदा में द्वितीय तल को रेस्टोरेंट संचालन एवं मल्टीपरपज हॉल के साथ जोड़ा जाना पहले की व्यवस्था से अलग है।



### चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने का आरोप

नेता प्रतिपक्ष ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा है कि बिना स्पष्ट औचित्य के किए गए परिवर्तन से प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता पर प्रश्न हैं। साथ ही मामला किसी चेहेते को लाभ पहुंचाने का है। इसकी जांच होनी चाहिए। इसके लिए सबसे पहले वर्तमान में जारी निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्वीकृत मूल ड्राइंग, डिजाइन एवं निर्धारित उपयोगिता के आधार पर मामले की जांच की जाए।

### इस तरह का है मूल ड्राइंग डिजाइन

तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट के साथ बार भी संचालित किया जाना है। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन,स्क्वैश और टेबल टेनिस कोर्ट बनाया गया है। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन होगा। काम्प्लेक्स के तीसरे माले में एक सर्व सुविधायुक्त जिम बनाया गया है जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे। बेसमेंट में पार्किंग के साथ योगा सेंटर, जिम्नेशियम, कैंटिन व स्टोर रूम रहेगा। इसके साथ ही अतिरिक्त रूम, हॉल, महिला-पुरुष टॉयलेट, दोनों छोर पर सीढ़ियां, बीच में इंट्री लॉबी और प्रवेश-निकासी द्वार भी है। इंट्रेंस लॉबी के साथ 200 से अधिक दर्शक क्षमता वाला सिटिंग स्टेप, कॉरिडोर,एक मल्टी पर्पज हॉल, एक कॉरिडोर व दोनों तरफ टॉयलेट ब्लॉक की सुविधा भी होगी।

## बस के ऊपर बैठाया यात्री, वीडियो वायरल, पुलिस ने लिया संज्ञान





**बिलासपुर।** सारंगगढ़ से बिलासपुर आ रही बस में चालक ने लापरवाही बरते हुए यात्रियों को बस की छत पर बैठा दिया। इसका वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे बिलासपुर यातायात पुलिस ने संज्ञान ले लिया है। मामले में एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने संबंधित चालक और संचालक पर कार्रवाई करने की बात कही है।

वायरल वीडियो के अनुसार बीती रात सारंगगढ़ से बस क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू 4897 बिलासपुर आ रही थी, इस दौरान चालक ने मुनाफा कमाने के लिए यातायात नियमों का ही ताक पर रख दिया और बस की छत पर यात्रियों को बैठा दिया। इस दौरान बस की रफ्तार भी काफी तेज थी जिससे हादसे का अंदेशा भी बनता रहा, लेकिन इसके बावजूद बस चालक ने लापरवाही बरती। वीडियो वायरल होने के बाद डिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने संज्ञान लेते हुए संबंधित बस चालक और संचालक को नोटिस जारी करने और नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि एसएसपी के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी पाए जाने पर सीधे लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई हो चुकी है।

## आरोपी की तलाश में झारखंड गई जीआरपी को मिला घर में ताला

**बिलासपुर।** ट्रेन में यात्रियों के लाखों के जेवरात चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ने के बाद अन्य आरोपी की तलाश करने के लिए जीआरपी बिलासपुर की टीम मिहिजाम झारखंड गई थी, जहां आरोपी के घर के अंदर महिलाएं थीं, लेकिन बाहर से ताला लगा हुआ था।

जीआरपी को ताला खुलवाने के लिए स्थानीय पुलिस का सहयोग लेना पड़ा। तलाशी लेने के बाद आरोपी जीआरपी के हाथ नहीं लगा सका, जिसके उपरांत परिजन को नोटिस थमाकर टीम वापस बिलासपुर आ गई। जीआरपी के अनुसार लाखों रुपए के जेवरात की चोरी की शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305 (सी) के मामला कायम कर आरपीएफ प्रभारी एवं टास्क टीम की ओर से स्टेशनों के सीसी टीवी की जांच शुरू की गई। इसमें कुछ संदिग्ध महिला व पुरुष की पहचान कर साइबर सेल के सहयोग से डंप डाटा लिया गया। आरपीएफ व शासकीय रेल पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर बिलासपुर प्लेटफार्म नंबर 4-5 के हावड़ा छोर पर एक समूह को संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने जेवरात को झारखंड के मिहिजाम निवासी के पास बेचे जाने की जानकारी दी, जिसके बाद जीआरपी की टीम खरीददार आरोपी की खोजबीन के लिए मिहिजाम पहुंची लेकिन वहां टीम को अलग नजारा देखने को मिला। जीआरपी के अनुसार लाखों के जेवरात चोरी के मामले में पकड़े गए आरोपी झारखंड के हैं। पूछताछ में आरोपियों से जेवरात को मिहिजाम निवासी राजकिशोर शाह पिता रामनाथ के पास बेचने की जानकारी दी गई। टीम जब खरीददार के घर पहुंची तो वहां घर के बाहर ताला लगा था और घर के अंदर महिलाएं थी।

### राजसात की कार्रवाई

आरोपी खरीददार की खोजबीन करने के लिए जीआरपी की टीम मिहिजाम पहुंची थी, जहां ताला खोलने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ गया। स्थानीय पुलिस के सहयोग से ताला खोलने के बाद घर के अंदर आरोपी की तलाश की गई, लेकिन वह नहीं मिला। घर में नोटिस दिया गया है अगर जल्द आरोपी सरेंडर नहीं करता है तो राजसात की कार्रवाई की जाएगी।

-विश्वनाथ चक्रवर्ती, प्रभारी, जीआरपी बिलासपुर

हरिभूमि सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## 40 कबाड़ गोदाम सील, 18 व्यक्तियों पर कार्रवाई



**बिलासपुर।** एसएसपी बिलासपुर के निर्देशन में जिले भर में अवैध कबाड़ कारोबार, चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त तथा संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में संचालित कबाड़ गोदामों एवं कारोबारियों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कुल 49 कबाड़ियों की जांच की गई, जिनमें आवश्यक वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर 40 कबाड़ गोदामों को सील किया गया है। संबंधित कारोबारियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त थाना मस्तूरी क्षेत्र में कबाड़ से भरी एक वाहन को जब्त किया गया है। वहीं 18 कबाड़ियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बिलासपुर पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ कारोबार, चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त अथवा बिना वैधानिक दस्तावेज के कारोबार करने वालों के विरुद्ध आगे भी लगातार सख्त अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## मस्तूरी बाजार के पास बुजुर्ग का शव मिला

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोंधरा चौक के पास शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब बाजार के करीब ही एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव मिला। जानकारी के अनुसार लगभग 75 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग का शव परमानंद जूता दुकान के पास मिला है, जिसके बाद लोगों ने मस्तूरी पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक बुजुर्ग क्षेत्र में घूम-घूमकर भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन करता था। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि भीषण गर्मी और लू लगने के कारण वृद्ध की मौत हुई है।हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
29 जुलाई, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411